* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची 01 जनवरी, 2025, बुधवार, वर्ष 10, अंक 74, पौष, शुक्ल पक्ष, द्वितीय, संवत 2081, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

Hello 2025

HAPPY New Year 2025







# वर्ष 2025 : झारखंड को बेहतर बनाने का संकल्प

सुनील कुमार सिंह

रांची (आजाद सिपाही)। साल 2024 बीत गया। हमें अच्छे और बुरे दोनों पल देकर गया है। बुधवार को नया साल 2025 शुरू हो गया। हर नया साल एक नयी उम्मीद, नया संकल्प और नये अवसर लेकर आता है। यह वह समय होता है, जब हम अपने अतीत को पीछे छोड़ कर भविष्य की ओर कदम बढ़ाते हैं। यह न केवल समय की एक और परिभाषा है, बल्कि हमारे भीतर छुपे उन अनगिनत संभावनाओं और सपनों की शुरुआत भी है, जिन्हें हम अब साकार करने का दृढ़ संकल्प लेते हैं। नये साल की दस्तक के साथ, हम हर दिन को एक नये अवसर के रूप में अपनाते हैं, जो हमें न केवल अपनी खुशियों को संजोने, बल्कि अपनी जिंदगी को और बेहतर बनाने की प्रेरणा भी देता है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनी है। पांच वर्ष इस सरकार को शासन करना है। जनता ने एतिहासिक बहुमत से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जीत दिलायी है। इसलिए जनता को नये साल में सरकार से बहुत उम्मीद है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद सरकार गठन के बाद से एक्शन में हैं। उन्होंने एक-दो महीने में ही साबित कर दिया है कि सरकार की एक ही मंशा है विकास। राज्य का उत्थान। आम लोगों तक हर सुविधा पहुंचे। झारखंड को विकासित राज्यों के श्रेणी में लाया जाये। हर व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान आये। मुख्यमंत्री के इस संकल्प को पूरा करने में उनके मंत्रिमंडल की टीम लग गयी है। नये साल में वह भी उत्साह में हैं। उन्होंने भी नये साल का संकल्प लिया है। 'आजाद सिपाही' हेमंत सरकार के मंत्रियों के संकल्प को टटोलने का प्रयास किया। प्रस्तुत है मंत्रियों का संकल्प और साथ में उनकी शुभकामनाएं।

## वित्तीय प्रबंधन को मजबूत करेंगे : राधाकृष्ण किशोर



वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि नये साल में राज्य के वित्तीय प्रबंधन को सुदृढ़ करने का संकल्प है। झारखंडवासियों के चेहरे पर मुस्कान लाना है। 2025-26 का वर्ष शहरी और ग्रामीण अर्थव्यस्था को मजबूत करना है। महिलाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा और स्वावलंबन के संकल्प का वर्ष है। उन्होंन कहा कि वह नया साल अपने क्षेत्र के लोगों और परिवार के साथ रह कर बितायेंगे। आवास पर आनेवाले लोगों से मिलेंगे। राज्य की जनता को नववर्ष की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

## जनता के विश्वास पर खड़ा उतरना है : योगेंद्र प्रसाद



पेयजल स्वच्छता और उत्पाद विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ यहां तक पहुंचाया है, उस पर खड़ा उतरना है। नये साल में राज्य के एक-एक व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास करने का संकल्प है। मुख्यमंत्री ने जिन विभागों की जिम्मेदारी दी है, उन्हें पूरी ईमानदारी के साथ जनहित में काम करना है। खास कर उत्पाद विभाग में जो कमियां और खामियां हैं, उन्हें दूर करते हुए राजस्व को बढ़ाने का संकल्प है। राज्य की जनता को मेरी तरफ से नये साल की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

## जनहित में काम करने का संकल्प है: सुदिव्य सोनू



नगर विकास विभाग के मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि जिन-जिन विभागों की जिम्मेदारी मिली है, उसमें बेहतर से बेहतर तरीके से काम करने का संकल्प है। जनता की सेवा का संकल्प है। नये साल में आम लोगों की जरूरत और हित से जुड़ी योजनाओं को धरातल पर उतारने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि नये साल के पहले दिन अपने परिवार के साथ घर पर ही रहूंगा। जो लोग मिलने आयेंगे, उनसे मुलाकात करूंगा। राज्य की जनता को नये साल की ढेर सारी शुभकामनाएं।

## नेय साल में युवाओं के लिए रोजगार लाने का संकल्पः संजय यादव



उद्योग मंत्री संजय यादव ने कहा कि नये साल में जनहित में ठोस कदम उठाना है। मुख्यमंत्री ने मुझे जिन विभागों की जिम्मेदारी दी है, उसमें उनके मार्गदर्शन में बेहतर काम करना है। युवाओं के लिए रोजगार का अवसर लाने का संकल्प नये साल में होगा। जनता की उम्मीदों को पूरा करना है। युवा, गरीब वंचित लोगों के चेहरे पर खुशियां लाने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि नये साल के पहले दिन उज्जैन में महाकाल की पूजा-अर्चना कर राज्य की जनता की खुशहाली की कामना की। राज्य की जनात को नये साल की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

## हर खेत तक पानी पहुंचाने का है संकल्पः हफीजुल हसन



जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि नये साल में हर खेत में पानी पहुंचाने का संकल्प है। हम लोग लिफ्ट एरिगेशन और पाइप लाइन के जरिये पानी पहुंचायेंगे। इसके लिए तैयारी भी शुरू हो गयी। जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उस लक्ष्य को हर हाल में हासिल करने का संकल्प है। इसके अलावा मेरे पास अल्पसंख्यक विभाग है। अल्पसंख्यकों के हित में काम करना है। नये साल के दिन अपने गांव में परिवार वालों के साथ समय बितायेंगे। राज्य की जनता को नये साल की बहुत-बहुत शुभकामानाएं।

## नये साल पर मुख्यमंत्री हेमंत आयेंगे सरायकेला-खरसांवा

देंगे खरसावां गोलीकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का 1 जनवरी को शहीद दिवस के अवसर पर सरायकेला-खरसांवा आने का कार्यक्रम है। यहां वह शहीद स्थल जायेंगे और खरसावां गोलीकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे। स्थानीय प्रशासन ने मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। यातायात सुगम बनाये रखने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा कुछ मार्गों पर वाहनों की नो-एंट्री भी लागू की गयी है। सरायकेला बिरसा चौक से कोरसे मुंडा चौक तक 1 जनवरी की सुबह 5:00 बजे से रात 10:00 बजे तक, आमदा राज खरसावां से कोरसे मुंडा चौक तक, सीनी से +2 हाई स्कूल रोड खरसावां तक, कुचाई से खरसावां कोरसे मुंडा चौक तक और रडगांव से कोरसे मुंडा चौक तक सभी प्रकार के व्यावसायिक (बड़े) वाहनों का परिचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। रात दस बजे के बाद से वाहनों का आवागमन पुनः शुरू हो जायेगा। यातायात प्रतिबंधों को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए संबंधित विभागों और पुलिस प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिये गये हैं।

## इनकम टैक्स फाइल करने की तारीख 15 जनवरी तक बढ़ी

नयी दिल्ली। सरकार ने बिलेटेड इनकम टैक्स रिटर्न (आइटीआर) फाइल करने की आखिरी तारीख को 31 दिसंबर से बढ़ाकर 15 जनवरी कर दिया है। अब लेट फीस के साथ 15 जनवरी 2025 तक आइटीआर भर सकते हैं। यदि किसी टैक्सपेयर ने पहले ही अपना आइटीआर दाखिल कर दिया है, लेकिन बाद में पता चलता है कि इसमें गलतियां हैं, तो वे भी अब 15 जनवरी तक रिवाइज्ड रिटर्न दाखिल कर सकते हैं। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए बिना किसी लेट फीस के आइटीआर फाइल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई थी। यदि आपने 2023-24 का आइटीआर अब तक फाइल नहीं किया है, तो लेट फीस के साथ 15 जनवरी तक फाइल कर सकते हैं। यदि कुल आय 5 लाख से कम है तो आपको 1,000 रुपये लेट फीस देनी होगी। कुल आय 5 लाख रुपये से ज्यादा हो तो 5,000 रुपये की लेट फीस देनी होगी।

## झामुमो लड़ेगा बिहार विधानसभा का चुनाव

आजाद सिपाही संवाददाता

जनवरी में कांग्रेस-राजद से होगी बात, 12 सीटों पर दावा, पार्टी को गठबंधन से उम्मीद

**रांची।** झारखंड की सबसे बड़ी सत्तारूढ़ पार्टी झामुमो 2025 में बिहार में होने वाले विधानसभा में किस्मत आजमायेगा। बिहार की 12 सीटों पर उम्मीदवार उतारे जाने को लेकर राजद-कांग्रेस गठबंधन से दावेदारी करेगी। इसके लिए पार्टी बहुत जल्द कांग्रेस और राजद से बातचीत की जायेगी।

बिहार में चुनाव लड़े जाने के पीछे पार्टी का तर्क है कि सीमावर्ती विधानसभा क्षेत्रों में न केवल जेएमएम का जनाधार है, बल्कि पहले भी वहां से विधायक रहे हैं। पार्टी सूत्रों की मानें तो झामुमो जिन सीटों को लेकर अपनी दावेदारी करेगी, उनमें तारापुर, कटोरिया, मनिहारी, झाझा, बांका, ठाकुरगंज, रूपौली, रामपुर, बनमखनी, जमालपुर, पीरपैंती और चकाई है।

### 2020 में झामुमो ने अकेले लड़ा था चुनाव

झामुमो पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ने नहीं जा रहा है। पार्टी इससे पहले भी चुनाव लड़ चुका है। 2020 में तीन चरण में हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी ने अपने उम्मीदवार भी उतारे थे। यह दूसरी बात है कि एक भी उम्मीदवार चुनाव नहीं जीत सका। 2020 के चुनाव में जिन उम्मीदवारों को उतारा था, उनमें चकाई से एलीजाबेथ सोरेन, झाझा से अजीत कुमार, कटोरिया से अंजेला हांसदा, मनीहारी से फूलमणी हेम्ब्रम और धमदाहा से आशोक कुमार हांसदा शामिल हैं।

### बिहार में जनाधार तो दावा भी होगा

चुनाव लड़े जाने की बात को लेकर पार्टी महासचिव विनोद पांडेय का कहना है कि राजद और कांग्रेस से जल्द ही बातचीत की जायेगी। बिहार में हमारी पार्टी का जनाधार भी है और इस लिहाज से पार्टी दावा भी करेगी। हम जल्द ही गठबंधन से भी बात करेंगे। उम्मीद है कि महागठबंधन के सहयोगी भी हमारी बातों पर ध्यान देंगे। चुनाव और सीटों को लेकर जनवरी में बात होने की संभावना है। वहीं उनकी पार्टी के कार्यकर्ता चुनाव लड़ने की तैयारी भी कर रहे हैं।






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 71,200 रु./10 ग्राम
चांदी 91,000 रु./प्रति किलो



# कई सियासी घटनाओं का गवाह बनेगा 2025

## ■ दिल्ली और बिहार में विधानसभा चुनाव के दौरान मचेगा धमाल
## ■ राज्यसभा की आठ सीटों पर होनेवाले चुनाव में भिड़ेंगे गठबंधन
## ■ शताब्दी वर्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी कुछ नया जरूर करेगा
## ■ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी सितंबर में मनायेंगे अपना 75वां जन्मदिन

**आजाद सिपाही विशेष**

साल 2024 विदा हो चुका है और 2025 हमसे गलबहियां कर रहा है। नये साल के स्वागत में मनाये जा रहे जश्न के बीच गुजर गये साल के दौरान घटी घटनाएं अब इतिहास के पन्नों में समा चुकी हैं। लेकिन कहा जाता है कि आगे बढ़नेवाला समाज हमेशा अपने इतिहास से सीखता है। इसलिए साल 2024 की घटनाओं को भी सामने रखने की जरूरत है। लेकिन इन तमाम बौद्धिक बातों के बीच यह जानना भी दिलचस्प हो सकता है कि आखिर 2025 के दौरान दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में ऐसी कौन सी सियासी घटनाएं होंगी, जो भारत के भविष्य का रास्ता तय कर सकती हैं। जाहिर है, हर साल कुछ न कुछ ऐसी घटनाएं होती हैं और 2025 भी इस मायने में अपवाद नहीं रहेगा। 2024 में देश ने आम चुनाव में लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाने का फैसला सुनाया, तो कई राज्यों में भी चुनाव हुए। इस लिहाज से 2025 बहुत महत्वपूर्ण नहीं रहेगा, क्योंकि इस साल केवल दो राज्यों, दिल्ली और बिहार में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसी तरह संसद के ऊपरी सदन राज्यसभा में भी केवल आठ सीटों पर ही चुनाव होंगे, लेकिन यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अपना 75वां जन्मदिन मनायेंगे, तो कुछ बड़ा होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। 2025 में क्या होंगी बड़ी सियासी घटनाएं और कैसा रहेगा देश का आर्थिक परिदृश्य, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह







तमाम खट्टी-मीठी घटनाओं की यादों के साथ 2024 का साल इतिहास के पन्नों में समा चुका है और 2025 का साल हमारे साथ गलबहियां कर रहा है। ऐसे में यह जानना दिलचस्प हो सकता है कि यह साल अपनी कोख में किन सियासी घटनाओं को लेकर आया है। इस साल जिस तरह से लोकसभा चुनाव में बैकफुट में जाने के बाद हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनावों में बीजेपी और उसके सहयोगी दलों ने वापसी की है, उसे देखते हुए आने वाले साल में भी राजनीतिक रस्काकशी और तेज होने की संभावना है। आने वाले साल में भी बीजेपी और एनडीए विपक्ष को रोकने की पूरी ताकत लगायेगा। हालांकि 2025 अपने पूर्ववर्ती की तरह चुनावी साल नहीं होगा, लेकिन दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र सियासी घटनाक्रमों से अछूता रह जाये, यह संभव नहीं है। इस साल भी चुनाव होंगे, सियासी उतार-चढ़ाव देखने को मिलेंगे और दूसरे घटनाक्रम भी होंगे।

### दो विधानसभाओं के चुनाव

साल 2025 में देश में विधानसभाओं के दो अहम चुनाव होने हैं- दिल्ली और बिहार। दिल्ली में बीजेपी अपने दम पर उतरेगी। बीजेपी दिल्ली से अपने 27 साल के वनवास को खत्म करने के लिए पूरी ताकत लगायेगी। दिल्ली में अगर अरविंद केजरीवाल अपनी जीत का चौका लगाते हैं, तो यह विपक्ष के लिए बेशक बड़ी बात होगी। जहां लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सभी सात सीटों पर कांग्रेस और आप साथ थे, वहीं 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव दोनों अलग-अलग लड़ रहे हैं। 2025 में बिहार में भी विधानसभा चुनाव होना है। नीतीश कुमार एनडीए का हिस्सा हैं और एनडीए के सभी साथी मिलकर ही चुनाव लड़ने की बात कर रहे हैं। वहीं, तेजस्वी यादव भी लालू के मार्गदर्शन में अपने बल पर सरकार बनाने की पुरजोर कोशिश करेंगे। अगर देश के प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस की बात करें, तो दोनों ही राज्यों में वह सहयोगी या कहें एक्स्ट्रा की भूमिका में है। चुनावी लिहाज से कांग्रेस के पास दांव पर ज्यादा कुछ नहीं है।

### सबसे अमीर कॉरपोरेशन के चुनाव

इस साल मुंबई नगर निगम, यानी बीएमसी के भी चुनाव होने हैं। बीएमसी को एशिया का सबसे अमीर कॉरपोरेशन कहा जाता है। इसमें महायुति और महाविकास अघाड़ी की जंग होगी। हालांकि यहां मुकाबला शिवसेना (उद्धव) और एकनाथ शिंदे वाली शिवसेना के बीच है, लेकिन बीजेपी भी इस बार चुनाव में अहम भूमिका में दिख सकती है। मुंबई में बीजेपी ने अपनी जड़ें मजबूत की हैं। 1985 से (1992-1996 को छोड़कर) बीएमसी पर शिवसेना का राज रहा है, लेकिन अब शिवसेना के दो टुकड़े हैं।

### कांग्रेस संगठन में दिखेगा बदलाव

देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस में साल 2025 में संगठन में बदलाव होने के आसार हैं। कांग्रेस को अपने संगठन को भी मजबूत करना होगा। कांग्रेस के लिए एक बड़ी चुनौती जहां देश के मुद्दों को लेकर जमीन पर संघर्ष की भी रहेगी, तो वहीं दूसरी ओर तेलंगाना, कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में अपनी सरकार को टिकाये और बचाये रखने की होगी। इंडी गठबंधन में जिस तरह से खेमे की अगुवाइ को लेकर चर्चा है, टीएमसी की ओर से ममता बनर्जी का नाम बढ़ाने और कई अन्य दलों से समर्थन की बात की जा रही है, उसके मद्देनजर यह मुद्दा भी अहम रहेगा। जिस तरह से राहुल गांधी या गांधी परिवार बीजेपी और सरकार के निशाने पर दिख रहा है, इस साल में कांग्रेस के सामने एक चुनौती उससे पार पाना भी रहेगी।

### बीजेपी को नया अध्यक्ष मिलेगा

नये साल में बीजेपी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष भी मिलेगा। बीजेपी का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा, इस पर तमाम तरह के कयास लग रहे हैं।

हर रोज नये-नये नाम सामने आ रहे हैं, लेकिन बीजेपी नेता अनौपचारिक बातचीत में एक बात जरूर कह रहे हैं कि जो भी अध्यक्ष होगा, वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का करीबी होगा। कम से कम आधा दर्जन राज्यों में भी बीजेपी संगठन में बदलाव देखने को मिल सकता है।

### एक सौ साल का हो जायेगा आरएसएस

2025 में विजया दशमी के दिन दुनिया के सबसे बड़े सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के एक सौ साल पूरे हो जायेंगे। संघ ने लक्ष्य रखा है कि तब तक देश भर में अपनी शाखाओं की संख्या बढ़ाकर एक लाख करनी है। संघ तब कई बड़े आयोजन भी करेगा और जिसका राजनीति परिदृश्य में भी असर दिखेगा।

संघ ने 2025 के लिए जो अपना एजेंडा बनाया है, उसमें पहले की तरह सामाजिक समरसता भी शामिल है। एक तरफ जहां विपक्षी दल जाति जनगणना की बात करेंगे, वहीं बीजेपी पहले की तरह ही विपक्ष के इस एजेंडे को विभाजनकारी बताते हुए अपनी मुहिम जारी रख सकती है।

सामाजिक समरसता अभियान के जरिये ही संघ ने कई चुनाव में बीजेपी के पक्ष में माहौल भी बनाया है। लोकसभा चुनाव के वक्त यह चर्चा रही कि संघ और बीजेपी में सब कुछ ठीक नहीं है। संघ प्रमुख मोहन भागवत के कई बयानों से भी इसी तरह का संदेश गया। चुनाव नतीजों के बाद समीक्षा में संघ ने पाया कि पार्टी का संगठन कई राज्यों में काफी कमजोर हुआ है। इसके बाद तय किया गया कि संघ की तरफ से अब ढील नहीं दी जायेगी।

### 75वां जन्मदिन मनायेंगे पीएम नरेंद्र मोदी

17 सितंबर 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 75 साल के हो जायेंगे। विपक्ष की तरफ से सवाल फिर उठाये जा सकते हैं। अरविंद केजरीवाल पहले ही यह सवाल उठा चुके हैं कि क्या पीएम 75 साल के हो जाने पर बीजेपी के मार्गदर्शक मंडल में चले जायेंगे।

हालांकि 75 साल में रिटायरमेंट का बीजेपी के संविधान में कोई जिक्र नहीं है। ऐसे में इस साल प्रधानमंत्री मोदी के अगले सियासी कदम पर दुनिया की निगाहें रहेंगी।

### आर्थिक महाशक्ति बनेगा भारत

भू-राजनीतिक चुनौतियों से उत्पन्न आपूर्ति श्रृंखला और कच्चे तेल के दामों में आयी तेजी के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था 2024 में विश्व की सबसे तेज बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी रही। तकनीकी प्रगति, प्रौद्योगिकी, बैंकिंग, नवीकरणीय ऊर्जा और आत्मनिर्भर भारत जैसे नीतिगत उपायों से भारत वैश्विक आर्थिक क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत रखने में सफल रहा है। निवेश, उपभोग और ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले सुधार वर्ष 2025 में भारतीय अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार तैयार करेंगे। दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश होने के कारण वर्ष 2025 में भी घरेलू मांग में मजबूत निरंतरता बनी रहेगी। शहरी के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों की मांग में भी सकारात्मक रुझान दिखाई दे रहा है।

2025 में सरकार की प्राथमिकता मौद्रिक नीति में मामूली ढील द्वारा मुद्रास्फीति के दबाव को घटाने की भी होगी। पूंजी निर्माण को प्रोत्साहन मिलने से निम्न एवं मध्य आय वर्ग की क्रय शक्ति को बढ़ावा मिलेगा। जन धन, आधार और मोबाइल के तहत खोले गये खातों में 2.32 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा रकम जमा है। वर्तमान में इ-लेनदेन बढ़कर 134 अरब रुपये हो गया है, जो सभी वैश्विक डिजिटल भुगतानों के 46 प्रतिशत के बराबर है। उम्मीद है 2025 की शुरुआत में ही भारतीय अर्थव्यवस्था जापान की अर्थव्यवस्था के आकार को पछाड़ कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगी।

## हेमंत सोरेन को खुद से बेहतर साबित करने की चुनौती

राकेश



झारखंड के लिए भी 2024 का साल उतार-चढ़ावों से भरा रहा। इसी तरह साल 2025 राज्य के लिए नयी उम्मीद लेकर आया है। लगातार दूसरी बार और कुल मिला कर चौथी बार झारखंड की कमान संभालने वाले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, हर बार की तरह खुद को बेहतर साबित करने का सुनहरा मौका है। हेमंत सोरेन साल दर साल खुद को मांझते रहे हैं। साल 2024 के विधानसभा चुनाव में उनके नेतृत्व में इंडी गठबंधन ने प्रचंड बहुमत के साथ जीत हासिल की। अब हेमंत सोरेन के सामने नये साल में कई चुनौतियां भी हैं, जिन्हे 2025 में उन्हें अपनी कुशल नेतृत्व क्षमता की बदौलत सफलता हासिल करनी है।

### रोजगार के अवसर सृजित करना

झारखंड में रोजगार आज भी सबसे बड़ा मुद्दा है। चुनाव से पहले इंडी गठबंधन ने 10 लाख लोगों को रोजगार देने की बात कही थी। इतने लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सरकार क्या कदम उठायेगी, इस पर जनता की निगाहें रहेंगी। समय पर प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन हो, इसका भी हल हेमंत सरकार को निकालना होगा। हालांकि मुख्यमंत्री ने अपने पहली ही कैबिनेट में साल 2025 का परीक्षा कैलेंडर जारी करने का निर्देश दे दिया है। इतना ही नहीं, उन्होंने इस साल दो लाख युवाओं को नौकरी देने का एलान किया है और इसके लिए प्रक्रिया जल्दी शुरू करने की बात कही है।

### मंईयां सम्मान योजना सफलता पूर्वक चलती रहे

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी फ्लैगशिप योजना, झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत प्रत्येक लाभुक को एक हजार रुपये हर महीने दिये जाने की शुरूआत की है। यह रकम अब ढाई हजार रुपये कर दी गयी है। मुख्यमंत्री इसी सप्ताह इतनी रकम लाभुकों के खातों में भेजेंगे। यह योजना सफलतापूर्वक चलती रहे, इसपर सरकार का विशेष फोकस रहेगा।

### खतियान के आधार पर स्थानीयता नीति लागू करना

झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले इंडी गठबंधन ने 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीयता नीति लागू करने का वादा किया था। इससे पहले भी हेमंत सोरेन सरकार ने अपने पहले कार्यकाल में इस बिल को विधानसभा से पारित कर राजभवन भेज दिया था। अब सबसे बड़ी चुनौती सरकार के सामने ये है कि वह कैसे इसे लागू करेगी।

### सरना धर्म कोड

इंडी गठबंधन ने चुनाव के पहले सरना धर्म कोड लागू करने की भी बात कही थी। इससे पहले के कार्यकाल में भी सीएम हेमंत सोरेन ने विशेष सत्र बुलाकर सरना धर्म कोड का बिल विधानसभा से पास कर केंद्र के पास भेज दिया था। इस दिशा में भी कदम बढ़ाना होगा।

### आरक्षण का दायरा बढ़ाना

इंडी गठबंधन ने अपनी सात गारंटी में 50 फीसदी आरक्षण का दायरा बढ़ाने की भी बात कही है। इसके तहत एसटी को 28 प्रतिशत, एससी को 12 और ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का वादा किया गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार चुनाव प्रचार के दौरान इसका जिक्र करते थे। इसपर भी लोगों की निगाहें रहेंगी।

### बकाये पर केंद्र से भिड़ंत

इन सबके अलावा झारखंड अपने बकाये के लिए केंद्र से दो-दो हाथ कर सकता है। झारखंड का कोयला कंपनियों पर 1.36 लाख करोड़ का बकाया है, लेकिन केंद्र सरकार ने इससे साफ इनकार किया है। झारखंड सरकार ने इस बकाये की वसूली के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाने की बात कही है। यह मुद्दा भी 2025 में केंद्र में बना रहेगा।

## अपनी घोषणाओं पर अमल करें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन,जारी करें बेरोजगार युवाओं केलिए नियुक्ति कैलेंडर : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को हेमंत सरकार पर वादा खिलाफी का बड़ा आरोप लगाया। श्री मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन ने पहली कैबिनेट बैठक के बाद 1 जनवरी 2025 से पूर्व जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं के लिए नियुक्ति कैलेंडर जारी करने की घोषणा की थी, लेकिन आज वर्ष का अंतिम दिन बिना कैलेंडर की घोषणा के बीत गया। कहा कि साल का अंतिम दिन भी बीतने को है, लेकिन अब तक परीक्षा परिणाम अथवा कैलेंडर जारी करने की कोई पहल नहीं की गयी है। ऐसा लगता है कि राज्य सरकार फिर अपनी पुरानी चाल से ही चलेगी। कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झूठ बोलने की भी कोई सीमा होती है। मुख्यमंत्री पद के गरिमा का सम्मान करिये और झूठ बोलने की आदत छोड़ कर प्रतियोगी परीक्षाओं का पारदर्शी क्रियान्वयन शुरू कीजिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपनी घोषणाओं के अनुरूप अविलंब प्रतियोगी परीक्षाओं केलिए वर्ष भर का कैलेंडर जारी कर नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ करे।

## झारखंड कैडर के आइपीएस मुरारी लाल मीणा सेवानिवृत्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड कैडर के 1993 बैच के आइपीएस अधिकारी मुरारी लाल मीणा मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गये। मुरारी लाल मीणा रेल डीजी के पद से रिटायर हुए हैं। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर 2024 में मुरारी लाल मीणा को डीजी रैंक में प्रोन्नति मिली थी। इससे पहले वे सीआइडी, स्पेशल ब्रांच और पुलिस मुख्यालय में कई पदों पर पदस्थापित रह चुके हैं। झारखंड पुलिस मुख्यालय की ओर से तीन जनवरी, 2025 को मुरारी लाल मीणा को विदाई दी जायेगी।

## सुखदेव भगत पांच राज्यों के बनाये गये संयोजक

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कांग्रेस ने लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत को बड़ी जिम्मेवारी सौंपी है। उन्हें झारखंड सहित छत्तीसगढ़, बिहार, ओड़िशा और पश्चिम बंगाल के कांग्रेस संसदीय दल का राज्य कमेटी संयोजक बनाया गया है। इस आशय का पत्र कांग्रेस संसदीय दल के सेक्रेट्री डॉ अमर सिंह ने जारी कर दिया है। सुखदेव भगत को इन पांच राज्यों के सांसदों के साथ समन्वय स्थापित करना होगा। संगठन की मजबूती के लिए काम करना होगा। साथ ही संसदीय दल के कार्यों को बेहतर ढंग से चलाने की जिम्मेवारी भी होगी।

# सीएम हेमंत सोरेन से मिले जैक अध्यक्ष डॉ अनिल महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार महतो एवं सचिव जयंत कुमार मिश्रा ने मुलाकात कर उन्हें नववर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने भी अपनी ओर से उन्हें नववर्ष की मंगल कामनाएं एवं बधाई दी।



# बूथ केंद्रित सदस्यता अभियान को तेज करेगी भाजपा : राकेश प्रसाद

## गांव-टोलों-मोहल्लों तक सदस्यता अभियान चलाने की बनी योजना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा कार्यालय में आज संगठन पर्व सदस्यता अभियान 2024-25 के लिए प्रांतीय और जिला टोली की बैठक प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विषय प्रवेश प्रदेश संयोजक राकेश प्रसाद ने, संचालन सह संयोजक रोशनी खलखो ने और धन्यवाद ज्ञापन पूर्व सांसद घूरन राम ने किया। इस अवसर पर कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह का भी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन मिला। बैठक में प्रदेश संगठन चुनाव प्रभारी एवं प्रदेश महामंत्री सह सांसद प्रदीप वर्मा प्रदेश पदाधिकारी बालमुकुंद सहाय, विकास प्रीतम, गणेश मिश्र, मुन्ना मिश्र, सुनीता सिंह सहित जिला की सदस्यता अभियान टोली के संयोजक, सह संयोजक उपस्थित थे। बैठक के उपरांत मीडिया ब्रीफिंग करते हुए संगठन महापर्व सदस्यता अभियान के संयोजक राकेश प्रसाद ने कहा कि पिछले 22 दिसंबर से प्रारंभ भाजपा का सदस्यता अभियान तेज गति से चल रहा है। प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर टॉप फाइव में लाने के लिए कार्यकर्ता लगातार ऑनलाइन सदस्यता दिला रहे हैं। श्री प्रसाद ने कहा कि भाजपा का गांव, शहर सभी जगह बड़ा जनाधार है। राज्य के सभी 29 हजार से अधिक बूथों पर पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा फिर से बूथ केंद्रित सदस्यता अभियान चला रही है। सभी बूथों पर अधिक से अधिक सक्रिय सदस्य बनाने की योजना है। कहा कि भाजपा का केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व सबका साथ, सबका विकास के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए सर्व स्पर्शी, सर्व व्यापी और सर्व समावेशी भाजपा के निर्माण केलिए कटिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में हाट, बाजार, चौक, चौराहे, सार्वजनिक स्थलों पर विशेष कैंप लगाकर सदस्यता अभियान चलाया जायेगा। कैंपों में आम जनता की भागीदारी और उत्साह बढ़ चढ़ कर देखी जा रही है। कहा कि पार्टी के सभी प्रदेश से लेकर बूथ स्तर के पदाधिकारियों को विशेष जिम्मेवारी देकर सदस्यता अभियान को तेज करने के निर्देश दिये गये हैं।

उन्होंने कहा कि जहां मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध नहीं है, उस स्थान पर मैनुअल रसीद के माध्यम से सदस्यता के लिए निर्देश दिये गये हैं। कहा कि प्रदेश भाजपा संगठन पर्व में अपने समर्थकों के माध्यम से एक मजबूत भाजपा बनाने में सफल होगी। कहा कि 15 जनवरी के बाद प्रदेश में सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत होगी।




### मंत्री चमरा लिंडा साइकिल एवं छात्रवृत्ति वितरण को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा की

# समस्या नहीं, समाधान चाहिए : चमरा लिंडा

- कोड़रमा एवं रामगढ़ जिला में प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति की शून्य प्रगति पर मंत्री ने जतायी नाराजगी
- तीन दिनों के भीतर छात्रवृत्ति वितरण करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने मंगलवार को मोरहाबादी स्थित कल्याण कॉम्प्लेक्स में सभी जिलों के कल्याण पदाधिकारी, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, आइटीडीए तथा प्रमंडलीय उप-निदेशकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के बीच साइकिल तथा छात्रवृत्ति वितरण के कार्य प्रगति की जिलावार समीक्षा की। इस दौरान मंत्री चमरा लिंडा प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति वितरण के मामले में रामगढ़ एवं कोडरमा जिला के प्रति नाराजगी जताई। उन्होंने रामगढ़ एवं कोडरमा जिला के कल्याण पदाधिकारी को अगले तीन दिनों के भीतर छात्रवृत्ति राशि वितरण किये जाने का सख्त निर्देश दिया। कहा कि छात्रवृत्ति वितरण मामले में जो पदाधिकारी कोताही बरतेंगे, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। कोडरमा एवं रामगढ़ जिला में अगले तीन दिनों में छात्रवृत्ति राशि वितरण की प्रगति में सुधार नहीं होने की स्थिति में संबंधित पदाधिकारियों का जनवरी माह का वेतन रोकें।

**जनहित एवं जनसेवा सर्वोच्च प्राथमिकता :** मंत्री ने सभी जिलों को निर्देश दिया कि आगामी 4 जनवरी तक प्री मैट्रिक से संबंधित सभी लंबित छात्रवृत्ति भुगतान के मामलों का निपटारा प्राथमिकता के साथ करें। कल्याण विभाग के पदाधिकारी जनहित और जन सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे। कल्याण विभाग के अंतर्गत काम करने वाले सभी यह समझें कि वे सामाजिक कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी समस्या नहीं, बल्कि समाधान का रास्ता निकालें।

**जनवरी 2025 के अंत तक साइकिल वितरण का कार्य पूरा करें :** मंत्री चमरा लिंडा ने निर्देश दिया कि जनवरी 2025 के अंत तक साइकिल वितरण का कार्य पूर्ण करें। साइकिल योजना का उद्देश्य वर्ग-08 (कक्षा आठ) से ड्राप आउट रोकना है। इसलिए साइकिल का वितरण समय पर हो। नामांकन के साथ ही वर्ग-8 (कक्षा आठ) के बच्चों को साईकिल मिले इसके लिए सभी आवश्यक प्रक्रिया पूरा करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आनेवाले दिनों में भी सत्र प्रारंभ होने के साथ ही विद्यार्थियों को साइकिल उपलब्ध कराने का कार्य योजना तैयार रखें। किसी भी हाल में साइकिल वितरण कार्य में विलंब न हो यह विभाग की प्राथमिकता होनी चाहिए। इस अवसर पर विभाग के सचिव कृपानंद झा एवं आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



### फरवरी 2025 के अंत तक पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति राशि वितरण प्रक्रिया पूरा करने का दिया निर्देश

मंत्री चमरा लिंडा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आनेवाले माह फरवरी 2025 तक पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति राशि वितरण के सभी मामलों को पूरा कर ली जाये। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति राशि वितरण कल्याण विभाग का एक महत्वपूर्ण कार्य है। अध्यनरत विद्यार्थियों को ससमय छात्रवृत्ति राशि मिलने से उन्हें शैक्षणिक पाठ्यक्रमों तथा परीक्षा की तैयारी में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विशेष तौर पर एसटी, एससी छात्र-छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर प्रदान करने का कार्य कर रही है, इसलिए यह जरूरी है कि छात्रवृत्ति की राशि निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत एसटी, एससी सहित सभी वर्गों के छात्र-छात्राओं को प्रदान की जाये।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा, नौकरी में उन्नति, यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा।

**वृष** राजनीतिक लाभ, कर्मक्षेत्र में सहयोगियों से अनुकूलता, प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

**मिथुन** इच्छित कार्य सफल होगा, लाभकारी वातावरण की शुरूआत है।

**कर्क** शुभ कार्य का सम्पादन करेंगे, सद्भावनाएं एवं शुभ संदेश प्राप्त होगा, उद्योग-व्यापार में सफलता।

**सिंह** सामाजिक सम्पर्क प्रभाव का लाभ उठा सकते हैं, आदर-सम्मान एवं कर्मबल की वृद्धि होगी।

**कन्या** नई आशाओं का उदय होगा, धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे, धनागम के अवसर बढ़ेंगे।

**तुला** विविध समस्याओं का समाधान, परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे।

**वृश्चिक** राजनीतिक सम्पर्क प्रभाव बढ़ेगा, चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी, बिजनेस में शुभ परिवर्तन।

**धनु** आत्मविश्वास की वृद्धि, रुके कामों में प्रगति, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

**मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** लाभकारी प्रयास सफल होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग, स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा।

**मीन** चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा, कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

# नये साल के दिन बदलेगा मौसम

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड में ठंड ने एक बार फिर अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया। सुबह और शाम ठंडी हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग की माने तो एक जनवरी को सुबह में कोहरा छाया रहेगा। दिन चढ़ने के साथ ही आसमान साफ हो जायेगा। राज्य के उत्तरी इलाकों में घना कोहरा छाये रहने की संभावना है, लेकिन तापमान में गिरावट होगी। ठंड बढ़ेगी। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र की मानें, तो अगले एक से दो दिन तक न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री तक की गिरावट आ सकती है।









# नये साल पर बासुकीनाथ मंदिर में जुटने वाली भीड़ को लेकर प्रशासन चौकस

**रांची (आजाद सिपाही)।** नये साल के मौके पर बासुकीनाथ मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सतर्क हो गया है। सुरक्षा और व्यवस्थापन को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर और उसके आसपास के इलाकों में विशेष इंतजाम किये गये हैं। प्रशासन ने अधिकारियों को कुछ खास निर्देश दिये हैं, ताकि भीड़ को सही तरीके से नियंत्रित किया जा सके और किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके। मंदिर के आसपास यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाये रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती की जायेगी। साथ ही, श्रद्धालुओं की भीड़ को शांतिपूर्वक नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा उपायों का पालन कराया जायेगा। प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया है कि सभी सुरक्षा उपकरण और उपाय मुहैया कराया जाये, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो। इसके अलावा, विशेष दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं, जैसे कि मंदिर में दर्शन के लिए निर्धारित समय और व्यवस्था, ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके और हर श्रद्धालु को सुगमता से दर्शन का अवसर मिल सके। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से भी अपील की है कि वे समय का ध्यान रखें और किसी भी असुविधा से बचने के लिए व्यवस्था का पालन करें।









आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

# दिव्य ज्योति रथ का रांची आगमन

## नगर भ्रमण में भव्य स्वागत, दादी के सजीव झांकी का लोगों ने किये दर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री ढांढण शक्ति प्रचार मंडल के सानिध्य में दादीजी संपूर्ण भारत का भ्रमण करते हुए मंगलवार को दिव्य ज्योत रथ यात्रा का रांची आगमन हुआ। दिन के 12:30 बजे में मेन रोड स्थित श्री दुर्गाबाड़ी से विशाल शोभायात्रा निकाली गयी इस शोभायात्रा में पूरे भारत वर्ष के लिए भ्रमण को निकली दिव्य ज्योति रथ, जिसमें मां दादी विराजमान थी अद्भुत और अलौकिक इस यह रथ में स्वर्णिम आभूषणों से सुसज्जित फूलों के सिंगार से दरबार सजा था।

शोभायात्रा में मुख्य रूप से महिलाएं और पुरुष व बच्चे पारंपरिक कुर्ता पायजामा एवं महिलाएं केसरिया साड़ी के साथ धर्म ध्वज फताका लेकर चल रहे थे। शोभा यात्रा के मुख्य आकर्षण में एक रथ पर दादी की सजीव झांकी का अवलोकन भक्त कर रहे थे। वहीं तासा पार्टी, ढोल नगाड़ा मुख्य आकर्षण में थे। वहीं भजनों की गंगा प्रवाह भी की जा रही थी। बाहर से पधारे भजन प्रवाहक मूलचंद बजाज, मोनू मोर, जुगल दरगाह, मदन सोनी, ऐनी मिड्ढा, तनय काठपाल, विजय खोवाल ने भजनों की गंगा प्रवाह की।

शोभायात्रा दुर्गाबाड़ी से फिरायालाल होते हुए शहीद चौक, पुस्तक पथ, गांधी चौक, मारवाड़ी टोला, ईस्ट मार्केट रोड, कार्टसराय रोड, बंशीधर अड्किया लेन, सेवा सदन पथ होते हुए शोभायात्रा मुख्य यजमान बजाज परिवार के आवास पर पहुंची।

दिव्य ज्योति रथ में विराजमान दादी का पूजन, चंदन, वंदन,पुष्प श्रृंगार, मुख्य यजमान संतोष कुमार मिट्ठू बजाज के द्वारा किया गया। यजमान द्वारा दादी को भोग भी अर्पित किया गया। इस अवसर पर शहर की कई धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं सहित धर्म प्रेमियों के द्वारा शोभायात्रा का स्वागत पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। शोभायात्रा में शामिल दिव्यजोत रथ में विराजमान दादी मां का लोगों ने पूजन चंदन वंदन एवं प्रसाद का भोग लगाया शोभायात्रा में उपस्थित धर्म प्रेमियों का लोगों ने पेय जल, ट्रॉफी, जूस देकर स्वागत और अभिनंदन किया। लोहिया ग्रंथालय, सिंघानिया परिवार, भरतीया परिवार ,श्री हनुमान मंडल, गौ माता सेवा समिति, अग्रवाल युवा सभा, भारतीय युवक संघ, राजस्थान मित्र मंडल, मारवाड़ी ब्राह्मण सभा, माहेश्वरी सभा सहित कई सामाजिक धार्मिक संस्थाओं के द्वारा शोभायात्रा का स्वागत अभिनंदन किया गया।

शोभायात्रा में श्रवण अग्रवाल, सज्जन पड़िया, प्रेमचंद श्रीवास्तव, प्रमोद सारस्वत, मनोज बजाज, प्रदीप राजगढ़िया, मुन्ना शर्मा, नटवर सिखवाल, अशोक पुरोहित, मनीष लोधा, किशन शर्मा, मुकेश काबरा, अमित चौधरी, अशोक लाट, मुकेश पोद्दार, विजय सरायका, अजय खेतान, दीपक सरावगी, विक्रम खेतावत, सौरभ बजाज,प्रमोद रुइया, संजय बजाज, मनोज रुइया, राजेश भरतीया, पंकज बजाज, अशोक भरतीया, बसंत मुरारका, प्रदीप रुइया,अमित भरतिया, विष्णु बजाज ,विवेक बजाज, विवेक भरतीया, विष्णु सोनी, बसंत मित्तल, रविकांत सुल्तानिया,रवि शर्मा, अरुण जोशी, किशन शर्मा,कमल सिंघानिया, शंकर भरतिया, हित कई लोग थे। रात्रि 7 बजे मां का भव्य दरबार, भजन संध्या का आयोजन रखा गया भजन गायको ने भजनों की गंगा प्रवाह की। मध्य रात्रि तक लोगों ने मां के अलौकिक श्रृंगार का दर्शन और दिव्यजोत का दर्शन सहित पूजन किया दादी जी को 56 भोग अर्पित किया गया। इस अवसर पर लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। प्रातः 6 बजे दिव्य दर्शन रथ संबलपुर के लिए प्रस्थान हुआ।

# भाजपा के वरिष्ठ नेता गुरविंदर सिंह सेठी का निधन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के वरिष्ठ नेता गुरविंदर सिंह सेठी के आकस्मिक निधन पर देश के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शोक व्यक्त की है। संजय सेठ ने कहा कि गुरविंदर सिंह सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते थे। अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष के पद पर भी वह कार्यरत रहे।

उन्होंने कहा कि गुरु नानक हॉस्पिटल, गुरु नानक स्कूल एवं गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के विभिन्न पदों पर रहते हुए उन्होंने कई उल्लेखनीय कार्य किया उनकी सेवा को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। इस दुख की घड़ी में हम सभी उनके परिजनों के साथ है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं उनके परिजनों को यह दुःख सहने की शक्ति दें, विनम्र श्रद्धांजली।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि गुरविंदर सिंह सेठी का निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। पार्टी ने एक कर्मठ कार्यकर्ता को असमय खो दिया। स्व. सेठी पार्टी के दायित्वों के साथ साथ जरूरतमंदों की सेवा में सदैव तत्पर रहते थे।

शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, बालमुकुंद सहाय, विकास प्रीतम, आरती कुजूर, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज कुमार सिंह सहित प्रदेश पदाधिकारी, नेता शामिल हैं।

## रघुवर दास की बड़ी बहन का निधन



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास की बड़ी बहन का मंगलवार को निधन हो गया। रघुवर दास ने सोशल मीडिया पोस्ट पर इसकी जानकारी दी है। रघुवर ने लिखा है कि मेरी मां स्वरूपा बड़ी बहन का आज निधन हो गया। महाप्रभु जगन्नाथ जी से प्रार्थना है कि पुण्य आत्मा को अपने निजधाम में स्थान दें। भावभीनी श्रद्धांजलि। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर अपनी बड़ी बहन की तस्वीर भी साझा की है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

### 13 लाख की लूट व होटल मैनेजर को गोली मारने का मामला

# घटनास्थल पर पहुंचे डीआइजी सीसीटीवी फुटेज देख दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची-पंडरा के ओटीसी ग्राउंड के समीप सोमवार की दोपहर 12:30 बजे आशीर्वाद आटा (आइटीसी कंपनी का फ्रेंचाइजी) के मैनेजर सुमित कुमार गुप्ता से बाइक सवार तीन अपराधियों ने से दो ने 13 लाख रुपये लूट लिये। साथ ही लोटस होटल के मैनेजर सुमित कुमार को गोली मार कर घायल कर दिया। इस घटना के बाद मंगलवार की दोपहर रांची रेंज के डीआइजी अनुप बिरथरे घटनास्थल पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज की जांच की। साथ ही जांच टीम को कई दिशा निर्देश भी दिये। इस दौरान मौके पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय समेत कई पुलिस पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

**अपराधियों की सूचना देने वाले को मिलेगा 20 हजार का इनाम**

एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने अपराधी का फोटो जारी करते हुए उसपर इनाम की घोषणा की है, जो भी व्यक्ति अपराधी के बारे में पुलिस को जानकारी देगी, उसे 20 हजार रुपया इनाम दिया जायेगा, सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जायेगा।

**एसएसपी ने किया एसआइटी टीम का गठन :** इस घटना के बाद रांची एसएसपी चंदन सिन्हा ने कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में एक एसआइटी की टीम का गठन किया है। टीम संभावित ठिकानों पर जाकर जांच कर रही है और अपराधियों के बारे में सुराग जुटाने में लगी हुई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि अपराधी कारोबारी का आटा चक्की के पास से ही रेकी करते हुए आ रहे थे, जिसके बाद मौका मिलते ही घटना को अंजाम देकर फरार हो गये। बताया जा रहा है कि रातू में पांच दिन पहले करीब 14 लाख रुपये की लूट की घटना हुई थी। इसी गिरोह के अपराधियों द्वारा इस घटना को भी अंजाम दिये जाने की आशंका जताई जा रही है।

**इन नंबर पर दें पुलिस को सूचना**

- रांची एसएसपी: 9431706136
- सिटी एसपी: 9431706137
- कोतवाली डीएसपी: 943177077

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में कक्षा दसवीं के लिए गेट-टुगेदर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने दसवीं कक्षा के छात्रों को तनावमुक्त करने के लिए एक गेट टुगेदर का आयोजन किया। सभी बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में उत्साह पूर्वक सम्मिलित होकर एक यादगार दिन साझा किया। छात्रों ने एक-दूसरे के साथ घुलने-मिलने के अतिरिक्त मैटरेस रेस, थ्री-लेग्ड रेस, बैट और बॉल बैलेंस रेस, म्यूजिकल चेयर और कक्षावार रस्साकशी जैसे खेलों का आनंद लिया। इसके बाद उन्होंने स्वादिष्ट भोजन का भी आनंद लिया। हर सेक्शन के विद्यार्थियों ने विशेष नृत्य और गीतों की अद्भुत प्रस्तुतियां दीं। विभिन्न खेलों के विजेताओं को प्राचार्या द्वारा पुरस्कृत किया गया। छात्र अपने सहपाठियों के साथ कुछ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने और नयी यादें बनाने का अवसर प्रदान करने के लिए स्कूल प्रबंधन के आभारी थे। प्राचार्या परमजीत कौर ने उन्हें अपने जीवन के इस महत्वपूर्ण मोड़ पर सचेत होकर जीवन जीने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने उन्हें सलाह दी कि वे ध्यान केंद्रित रखें और नये साल की शुरुआत नये जोश के साथ करें। पिछली गलतियों से सीखें और आगामी परीक्षाओं और जीवन में सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारित करें।

# वनभोज कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जेएलकेएम सिल्ली के कार्यकर्ता वनभोज कार्यक्रम में आने वाले नव वर्ष के लिए, कार्य योजना तैयार किया। प्रत्येक वर्ष कि भांति इस वर्ष भी 31 दिसंबर 2024 को जेएलकेएम सिल्ली विधानसभा के कार्यकर्ता सतीघाट त्रिसंगम महा तीर्थस्थल में वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर बीते वर्ष किये गये कार्य की समीक्षा की तथा आने वर्ष का कार्य योजना तैयार किया गया। मौके पर केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि पार्टी सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो के निर्देशानुसार हरेक प्रखंड में साप्ताहिक जनता दरबार लगा कर जनता के समस्या का समाधान किया जायेगा। साथ सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में किसी भी प्रकार का नियम के विरुद्ध काम होने नहीं दिया जायेगा। संगठन को मजबूत करने और जनता के हर दुःख सुख को अपना सुख दुःख समझते हुए साथ देने का प्राण लिया गया। मौके पर रांची जिला, सिल्ली प्रखंड, राहे प्रखंड, सोनाहातु प्रखंड अधिकारी उपस्थित हुए। पदाधिकारी पार्वती देवी, राजकिशोर महतो, बिमल महतो, मोहरी देवी, अनीता देवी, रजनीत महतो, गंगा महली आदि उपस्थित रहे।

# शिव दुर्गा मंदिर के समीप निःशुल्क कैंप का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जन सेवा मंच के द्वारा 31 दिसंबर दिन रविवार को वार्ड 28 स्थित खादगढ़ा शिव दुर्गा मंदिर के समीप निःशुल्क कैंप का आयोजन कर वोटर कार्ड, राशन कार्ड, राशन कार्ड केवाइसी, आयुष्मान कार्ड सहित का फॉर्म भरवाया गया। यह कैंप का आयोजन रानी मिश्रा एवं सतीश मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। कैंप में लगभग 200 से अधिक लोगों ने सरकारी योजनाओं का लाभ लिया। जन सेवा मंच रानी मिश्रा के द्वारा ये कार्य आगे भी जारी रहेगा। इस आयोजन में मुख्य रूप से कुणाल वर्णवाल, अमित अग्रवाल अभिषेक मिश्रा, आनंद प्रकाश, उषा देवी, होलिका देवी, सुनील कुमार, विजय गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# 16 फरवरी को रांची में अंजुमन तरक्की उर्दू झारखंड का प्रथम राज्य सम्मेलन का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अंजुमन तरक्की उर्दू झारखंड की विस्तारित ऑनलाइन बैठक गढ़वा के डॉ यासीन अंसारी की अध्यक्षता में हुई। इसमें आम सहमति से 16 फरवरी को रांची में प्रथम राज्य सम्मेलन आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया। झारखंड के 150 प्रतिनिधि 30 सदस्यीय राज्य कमेटी का निर्वाचन करेंगे। मौके पर रांची समेत धनबाद, जमशेदपुर, दुमका, हजारीबाग, गिरिडीह, डाल्टनगंज, बोकारो, कोडरमा, गोड्डा, जामताड़ा, लोहरदगा, रामगढ़, देवघर आदि जिलों के प्रतिनिधि मौजूद थे। झारखंड में पहली बार अंजुमन तरक्की उर्दू का राज्य सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। 1882 में स्थापित सबसे प्राचीन भाषायी संस्था उर्दू के विकास के लिए बनायी गयी थी। आज भी सक्रियता से समस्त भारत में यह संस्था कार्य कर रही है। इसमें निर्णय लिया गया कि मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया जायेगा। विशिष्ट अतिथियों में राज्य के कई मंत्रियों को भी आमंत्रित किया जायेगा। वाम नेता सुभाषिनी अली को आमंत्रित किया जा रहा है। सम्मेलन में अंजुमन के महासचिव डॉ अतहर फारूकी ने बताया कि सम्मेलन पुराना विधानसभा सभागार में किया जायेगा। सफल आयोजन के लिए स्वागत समिति का गठन किया गया है। सम्मेलन में उर्दू की समस्याओं से संबंधित प्रस्ताव भी पारित किये जायेंगे। इस मौके पर एम जेड खान, डॉ रेहाना, शाजिया शबनम, सुलेमान जहांगीर, मो रकीब रहमानी, इंजीनियर एसएमए रिजवी, अफजल अनीस, डॉ ईखबाब आलम, डॉ अंजार हुसैन, डॉ एमएन सिद्दीकी, डॉ खुदा बख्श अंसारी ने भी अपने विचार रखे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ फरहत जहां ने किया।

# आकांक्षी जिलों की सूची से बाहर निकलने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है : संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता



**गडचिरोली।** गडचिरोली जिले को आकांक्षी जिलों की सूची से बाहर निकालने के लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के सामूहिक प्रयासों और तत्परता से काम करने की आवश्यकता है। जिले को नये अनुभवी अधिकारियों की टीमवर्क की मदद से यह संभव होगा, ऐसा विश्वास केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने व्यक्त किया।

आकांक्षी जिले की समीक्षा के लिए केंद्र सरकार की ओर से रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ गडचिरोली जिले के दो दिवसीय दौरे पर आये हैं। मंगलवार को उन्होंने विभिन्न सरकारी विभागों के प्रमुखों के साथ जिला नियोजन भवन में समीक्षा की। इस दौरान जिला कलेक्टर अविश्यांत पंडा, जिला पुलिस अधीक्षक श्री निलोत्पल, सांसद नामदेव किरसान, विधायक रामदास मसराम, विधायक मिलिंद नरोटे और जिला परिषद के प्रभारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेंद्र भुयार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शिक्षा पर जोर देते हुए जिले में स्कूलों की संख्या, छात्रों की उपस्थिति, और मध्याह्न भोजन योजना की जानकारी ली। उन्होंने जिले में केंद्रीय विद्यालय स्थापित करने के प्रस्ताव को प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिये। स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए बुनियादी ढांचे को सक्षम करने की आवश्यकता बतायी। कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने जिले में प्रमुख फसलों, प्राकृतिक आपदाग्रस्त किसानों को मदद, किसानों की आय बढ़ाने के उपाय, किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण, और किसान सम्मान योजना के मुद्दों को उठाया। उन्होंने यह भी पूछा कि किसानों के खेतों में सिंचाई के पानी की उपलब्धता कैसे सुनिश्चित की जायेगी और इसके लिए क्या उपाय किये जा रहे हैं, तथा जिले को आकांक्षी जिलों की सूची से बाहर निकालने के लिए सरकार से किस प्रकार की मदद की आवश्यकता है। इस पर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी मांगी। यह जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय में प्रस्तुत की जायेगी, जिससे जिले को महत्वपूर्ण सहायता प्राप्त होगी, ऐसा उन्होंने कहा। जल जीवन मिशन योजना के तहत 92 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए उन्होंने सराहना की और बाकी कार्यों को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया। जिला कलेक्टर अविश्यांत पंडा ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिले की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक निलोत्पल ने नक्सलवाद समाप्त करने के लिए चल रहे प्रयासों की जानकारी दी।

इस अवसर पर सांसद नामदेव किरसान, विधायक रामदास मसराम, और विधायक मिलिंद नरोटे ने राज्य मंत्री संजय सेठ के समक्ष जिले के विभिन्न मुद्दों को उठाया। इसके बादसंजय सेठ ने गोंडवाना विश्वविद्यालय में प्रशिक्षण केंद्र और एकल केंद्र का दौरा किया और छात्रों के साथ संवाद किया। साथ ही, उन्होंने कोटकल ग्राम पंचायत का दौरा कर स्थानीय निवासियों से बातचीत की। उन्होंने महिलाओं और लड़कियों के सशक्तिकरण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गयी विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कोटगल बैराज का दौरा कर वहां के काम की भी जांच की। मंगलवार को सुबह उन्होंने विश्रामगृह में जिले के जनप्रतिनिधियों सांसद डॉ नामदेव किरसान, विधायक धर्मराव बाबा आत्राम, रामदास मसराम और डॉ मिलिंद नरोटे के साथ जिले के विकास कार्यों पर चर्चा की। कार्यक्रम में अपर जिला कलेक्टर विवेक घोडके, जिला नियोजन अधिकारी श्रीराम पाचखेडे, सभी उपविभागीय अधिकारी और विभिन्न विभागों के प्रमुख उपस्थित थे।

# कार्निवल में किड्स फैशन शो में बच्चों ने राम पर जलवा दिखाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** एक्वा वर्ल्ड, मछली घर के द्वारा आयोजित किये जा रहे कार्निवल 2025 में वर्ष के अंतिम दिन भी कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं की धूम रही। अंतिम दिन बड़ी संख्या में लोग कार्निवाल का आनंद देने आये।

मंगलवार का मुख्य आकर्षण किड्स फैशन शो था बच्चों ने भी रैंप पर जलवा दिखेरा। बच्चों के रैंप वॉक और कॉन्फिडेंस को देख कर उपस्थित लोग दंग रह गये। बच्चियों के लिए थीम था - मैं लड़की ब्यूटिफुल और बच्चों के लिए थीम था - मुंडा कमाल दा। इस प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में शहर के मशहूर कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर नीरज प्रसाद एवं उनकी धर्मपत्नी सुप्रसिद्ध कवियत्री बिंदु प्रसाद उपस्थित थे।

**सेल्फी विद बकरा का भी क्रेज रहा :** लोगों को बकरा के साथ सेल्फी लेना था। न्यू ईयर के पार्टी का टाइम था।लोग बकरा को ललचाई दृष्टि से देख कर सेल्फी खिंचवाते दिखे। उपस्थित लोगों ने इस सेल्फी थीम को खूब इंजॉय किया और ढेर सारी सेल्फी क्लिक हुई। इसके पूर्व टंग ट्विस्टर कंपटीशन का आयोजन हुआ। लोगों को 'उल्लू उलझा, उलझा उल्लू की पूंछ,उलझी पूंछ को उल्लू उलझाता रहा' को एक सांस में बोलने की चुनौती थी। ' मैं शायर तो नहीं' बेस्ट शायरी कंपटीशन में लोगों ने कुछ मशहूर शायरों के शेर सुनाये, तो कुछ लोगों ने अपने लिखे शेर भी सुनायें। इस अवसर पर एक्वा वर्ल्ड के चेयरमैन प्रतुल शाहदेव, डिप्टी चेयरपर्सन डॉ विद्या झा, कार्निवल के इंचार्ज लोकेश चौधरी, डिप्टी इंचार्ज अभिषेक गिरी, राहुल शाह देव, कैला यादव, आनंद, सौरभ, प्रद्युम्न, आकाश, आयुष, शगुन, सौम्या एवं कार्निवल आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

**मंगलवार का परिणाम**

- टंग ट्विस्टर-अरफा, आराध्या, अशिका, अवंतिका, आन्या,रौनित, ऋतु, रीनू
- दंगल टाइम - रोमिना, वंदना, कुंदन, वसंत,
- मैं शायर तो नहीं - निहाल, काजल , रागिनी
- चॉकलेट ईटिंग कंपटीशन - साफि या, रीतिका,
- सेल्फी टाइम - रश्मि, जाह्नवी

**आज का कार्यक्रम**

- 11.00 बजे- कार्निवल ओपन
- 11:30 बजे- पुश अप कंपटीशन
- 12:00 बजे- दंगल टाइम
- 1:30 बजे- ट्विंकल एंड टैंगल (बेस्ट ज्वेलरी प्रतियोगिता)
- 3.00 बजे- सेल्फी टाइम
- 3:30 बजे- मिर्ची ईटिंग कंपटीशन
- 4:00 बजे- द फॉली आप शो
- 4.30 बजे- डीजे अविनाश और जिया का धमाल टाइम
- 6:30 बजे- न्यू ईयर डांस
- 7.00 बजे-सुजीत का हैरतअंगेज फायर शो
- 7:30 बजे- बेस्ट आउटफिट कंपटीशन
- 9:00 बजे- लकी ड्रॉ (एलइडी टीवी)

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
NOW

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 01 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in


# पुलिस ने नक्सल से लेकर आतंकी मॉड्यूल को नेस्तनाबूत कर दिया : अमल वी होमकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साल 2024 झारखंड पुलिस के लिए उपलब्धियों का वर्ष रहा, खासकर नक्सली फ्रंट पर झारखंड पुलिस ने बेहतरीन काम किया। वहीं संगठित अपराधिक गिरोह से जुड़े कई कुख्यात अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया गया। मंगलवार को झारखंड पुलिस के आइजी अभियान अमल वी होमकर के द्वारा झारखंड पुलिस के द्वारा नक्सल, साइबर, संगठित आपराधिक गिरोह के खिलाफ की गई कार्रवाई का पूरा ब्योरा पेश किया गया। झारखंड के लिए साल 2024 उपलब्धियों का साल रहा। वहीं नये साल 2025 में डीजीपी झारखंड के नेतृत्व में पुलिस अपराध और उग्रवाद से मुक्ति के लिए भी पूरी तरह से संकल्पित है। झारखंड पुलिस मुख्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान आइजी अभियान अमोल वी होमकर, आइजी सीआइडी असीम विक्रांत मिंज, डीआईजी नौशाद आलम ने पुलिस की उपलब्धियां गिनायीं। आइजी होमकर ने कहा कि पुलिस समस्त झारखंड को अपराध मुक्त बनाने के लिए काफी सतर्क और संवेदनशील रहते हुए आने वाले वर्ष में भी आम नागरिकों के समस्त समस्याओं के निराकरण एवं बेहतर समाज निर्माण करने के लिए अग्रसर है।



**नक्सल फ्रंट पर कितनी सफलताएं :** आइजी अभियान अमोल होमकर ने बताया कि नक्सल अभियान के दौरान साल 2024 में कुल 244 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। इसमें सैक सदस्य-1, जोनल कमांडर-2, सब जोनल कमांडर-6, एरिया कमांडर-6 शामिल हैं. आईजी अभियान ने बताया कि इन सभी में प्रमुख की गिरफ्तारी जया दी उर्फ चिंता (सैक), शंभु गंझू उर्फ रवि गंझू (जोनल कमांडर), सीताराम रजवार उर्फ रमन रजवार (जोनल कमांडर), टीपीसी के स्पेशल जोनल कमांडर आदेश कुमार गंझू, सबीता शर्मा उर्फ राजा जी उर्फ अभिषेक, जेजेएमपी के शिवराज सिंह, माओवादी नेशनल भुइंया, जेजेएमपी फेंकू भुइयां उर्फ सर्वनाश, रंथु उरांव उर्फ गुरुचरण उरांव, इरफान अंसारी शर्मा उर्फ तुफान जी, सोमा हेंब्रम उर्फ नजोग, हर्षिद गुड़िया उर्फ बोयदा पाहन, मसी तिग्गा, टाइगर उर्फ पंडु हॉसदा, लक्ष्मण राय उर्फ रामेश्वर राय की रही। वहीं वर्ष-2024 में 24 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इसमें जोनल कमांडर-4, सब जोनल कमांडर-1, एरिया कमांडर-3 और सदस्य-1 शामिल हैं। महत्वपूर्ण रूप से रामदयाल महतो उर्फ बच्चन दा, नीरज सिंह खेरवार, सलमान उर्फ लोकेश, मनोहर परहिया, कल्टु उर्फ मोजिदार उर्फ लालदीप गंझू शामिल हैं। वहीं मुठभेड़ में भी 9 नक्सली मारे गये।

**साइबर अपराध में पुलिस को कितनी मिली सफलता :** सीआइडी के आइजी असीम विक्रांत मिंज ने बताया कि वर्ष-2024 में साइबर अपराध के कुल 1295 कांड दर्ज हुए। इन कांडों में कुल 971 अपराधियों को गिरफ्तार करते हुए। कुल 2118 मोबाइल फोन, 2905 सिम कार्ड, 606 एटीएम कार्ड, 165 भिन्न बैंकों के पासबुक, 45 भिन्न बैंकों के चेकबुक, 52 लैपटॉप, 12 चार पहिया वाहन, 70 अन्य वाहन के साथ कुल 8 करोड़ 17 लाख 84 हजार 714 रुपये नगद बरामद कर जब्त किये गये, जबकि 77, 20, 513 रुपये फ्रिज किये गए. प्रतिबिम्ब एप के जरिए वर्ष 2024 में राज्य के भिन्न-भिन्न जिलों में कुल 274 कांड प्रतिवेदित हुए। इन कांडों में कुल 898 अपराधियों को गिरफ्तार करते हुए कुल 2501 सिम कार्ड, 1774 मोबाइल फोन बरामद कर जब्त किये गये। इसके अतिरिक्त कुल 66.43 करोड़ रुपये फ्रीज किये गये और 3 करोड़ 27 लाख 93 हजार 77 पीड़ित को उपलब्ध कराये गये।

**मादक पदार्थ को लेकर भी हुई जबरदस्त कार्रवाई :** मादक पदार्थ की रोकथाम के लिए वर्ष 2024 में राज्य में कुल 788 कांड प्रतिवेदित हुए, जिसमें 1362 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा 1407.1 किलोग्राम अफीम, 18.290 किलोग्राम ब्राउन शुगर, 36.45 ग्राम हेरोइन, 4251.2 किलोग्राम गांजा, 55333.54 किलोग्राम डोडा, नशे के लिए प्रयुक्त किए जाने वाले 7115 टैबलेट, 4434 कैप्सूल, 10222 बोतल कफ सिरप, 1720 पीस इंजेक्शन एवं 1,82,51,950 रुपये बरामद किएये गये। इसके अतिरिक्त कुल-3974.985 एकड़ की भूमि में लगे अवैध अफीम की खेती को विनष्ट किया गया।

**संगठित अपराध के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई :** झारखंड में संगठित अपराध से संबंधित कुल 97 कांड प्रतिवेदित हुए. जिसमें कुल 154 संगठित आपराधिक गिरोह के सदस्य गिरफ्तार हुए। पांडेय गिरोह- 41, अमन साव गिरोह-43, प्रिंस खान गिरोह-4, सुजित सिन्हा गिरोह-1, अमन श्रीवास्तव गिरोह-3, अखिलेश सिंह गिरोह-4 और अन्य-58 को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधकर्मियों के पास से 5 हथियार, 67 गोली, 1 देशी बम, 9 मोबाइल फोन, 2 मोटरसाइकिल और 63,000 रुपये बरामद किया गया। इन गिरफ्तारी में संगठित आपराधिक पांडे गिरोह के सेकेंड-इन-कमांड फरार अपराधी गोविंद राय, जिसके ऊपर 25 हजार का इनाम घोषित था, शामिल है।

**आतंकी मॉड्यूल किया गया ध्वस्त :** आइजी अभियान अमोल होमकर ने बताया कि साल 2024 में न सिर्फ नक्सल, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ भी झारखंड पुलिस ने बेहतरीन काम किया है। झारखंड एटीएस ने अलकायदा इन इंडियन सब कांटिनेंट के 4 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। इसके अतिरिक्त झारखंड पर्यटन विकास निगम और झारखंड राज्य विद्युत कर्मचारी मास्टर ट्रस्ट से संबंधित कांड में 7 अभियुक्तों की गिरफ्तारी करते हुए 1,22,90,500 रुपये के साथ करीब 15 लाख रुपये के आभूषण भी बरामद किये गये। साथ ही, 47, 20,02,373 रुपये को फ्रीज किया गया।

# मोख्तार सिंह ने नववर्ष की दी शुभकामनाएं दी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** एचइसी सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के मोख्तार सिंह ने नववर्ष के आगमन पर लोगों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के संदेशों के साथ शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि आज हमारा प्रजातंत्र 8वीं सदी से गुजर रहा है। नववर्ष का सूर्योदय शुभ संभावनाओं एवं खुशियों के साथ उदय होगा। हम तमाम पंथ धर्म के मानने वाले इस नववर्ष को सर्वधर्म महोत्सव के रूप में मनायें। हमारे आजादी के शहीदों ने हमारे राष्ट्र को धर्म निरपेक्ष राष्ट्र बनाया। कितना उत्तम विचार रहा होगा। प्रमाण स्वरूप शिव बाबा के संपूर्ण परिवार को ध्यान से देखें, परखें, चिंतन करें। कितनी विभिन्नताएं हैं, असमानताएं अवरोध हैं, फिर भी अटूट प्रेम और सद्भावना है। आज का भारत, कल वाला नहीं है। संसार भारत को विश्व गुरु की भांति सम्मान दे रहा है। क्योंकि यह पहला देश है, जहां किसी प्रकार का भेद भाव नहीं है। जैसे पंच तत्व सभी के लिए समान है। यही हमारे पूर्वजों की सोच थी। हम बिश्व बंधुत्व के लक्ष्य लेकर 140 करोड़ भारतवासी संकल्प के साथ सत्य धारण करें। जैसे हमारे संविधान के प्रथम पृष्ठ पर श्री राम का नाम अंकित है। यही तो राष्टपिता और शहीदों का सपना था जीवन सब का सबके लिए हो। हम सभी भारतवासी भारत माता की संतान हैं। इस नये काल में हम तमाम मतभेदों को भुला कर एक परिवार की भांति जीवन जीने का संकल्प लें।

# सिद्दीकी शेख की शोकसभा में पहुंचे डुमरी विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सिद्दीकी शेख का निधन 29 दिसंबर को पूर्वाह्न 11:30 बजे रिम्स के न्यूरो वार्ड में इलाज के दौरान हो गया। सिद्दीकी शेख की शोकसभा में डुमरी विधायक पहुंचे। शोकसभा को गिरिडीह जिला महासचिव जमालुद्दीन अंसारी, सलाकत अंसारी, तुलसी महतो, धनबाद अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आशीष कुमार इत्यादि ने भी संबोधित किया। इस शोकसभा में गोड्डा जिला सचिव नसीमुद्दीन अंसारी, जामताड़ा जिला अध्यक्ष शब्बीर अंसारी, सरायकेला खरसावां जिला संयोजक साकेत शेखर, संघर्ष मोर्चा राज्य कमेटी सदस्य, लातेहार से बेलाल अहमद, महागामा प्रखंड सचिव मोहम्मद नईम, मोहम्मद नजीर, देवेंद्र प्रसाद गुप्ता, मोहम्मद शफीक आलम, दुमका जिला सचिव दुर्गा चरण पाल, लाल बिहारी राय, मुकेश कुमार राय, मुकेश कुमार, युधिर मंडल, गिरिडीह से मुख्तार अंसारी, मोहम्मद इमामुद्दीन अंसारी, गीता राज, दिलचंद महतो, जितेंद्र मंडल, महेश्वर मुर्मू, हैदर अंसारी और मौजूद थे।

## राजधानी रांची में नये साल का जश्न







# उत्पाद आयुक्त अमित प्रकाश हो गये रिटायर

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड कैडर के दो आइएएस साल के अंतिम दिन रिटायर हो गये। उत्पाद आयुक्त अमित प्रकाश के अलावा फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के विशेष सचिव राजू रंजन राय भी रिटायर हो गए। दोनों को आइएएस संवर्ग में प्रोन्नति मिली थी।

# समूचे विश्व ने वर्ष 2024 में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्ववाले भारत की सराहना की

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** वैश्विक परिदृश्य में भारत का उदय न केवल परिवर्तनकारी रहा है, अपितु दुनिया भर के नेताओं, अर्थशास्त्रियों और वैश्विक संस्थानों ने भी व्यापक रूप से उसको सराहा है। यह एक दशक के अथक प्रयास, रणनीतिक योजना और दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है। प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के मार्गदर्शन में भारत ने वैश्विक महाशक्ति के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की है। वर्ष 2024 में, हम विकास के साधन, तकनीकी नवोन्मेषक और स्थिरता में अग्रणी के रूप में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका को समूचे विश्व द्वारा तेजी से स्वीकारे जाने के साक्षी बनें। दुनिया भर के विशेषज्ञों, शीर्ष उद्योगपतियों और संगठनों ने देश की उपलब्धियों को लगातार रेखांकित किया है। कामयाबी का यह परचम केवल वर्ष 2024 में ही दृष्टिगोचर नहीं हुआ, अपितु बीते वर्षों में भी वैश्विक बयानों में प्रतिध्वनित होता रहा है। उदाहरण के लिए वर्ष 2021 में, फर्स्ट सोलर के सीइओ मार्क विडमार ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के संबंध में प्रत्येक देश को भारत द्वारा उठाये गये कदमों का अनुसरण करना चाहिए। वर्ष 2017 में जेपी मॉर्गन के सीइओ जेमी डिमन ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी हमेशा से बहुत सुग्राही हैं, वह स्पष्टवादी हैं, वह बहुत स्मार्ट हैं।

वर्ष 2023 में हसन अल्लाम होल्डिंग्स के सीइओ हसन अल्लाम ने मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत के निजी क्षेत्र, विशेषकर बुनियादी ढांचे, इंजीनियरिंग, विनिर्माण के क्षेत्र में जबरदस्त प्रगति हुई है। यह दशार्ता है कि त्वरित गति से हो रही भारत की प्रगति और मोदी के नेतृत्व को वैश्विक विशेषज्ञ और प्रमुख उद्योगपति लगातार रेखांकित करते आये हैं। साथ ही ये मत इस वैश्विक सर्वसम्मति को दशार्ते हैं। मोदी के नेतृत्व में भारत न केवल तेजी से प्रगति कर रहा है, बल्कि बाकी दुनिया के लिए अनुकरणीय मानक भी स्थापित कर रहा है।

**भारत और भारत की प्रगति के संबंध में वक्तव्य :** सुजुकी मोटर्स के अध्यक्ष तोशीहिरो सुजुकी ने प्रधानमंत्री मोदी के मजबूत नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा, पिछले 10 वर्षों में, विनिर्माण उद्योगों के प्रति प्रधानमंत्री मोदी के मजबूत नेतृत्व और निरंतर समर्थन की वजह से भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में लगातार विस्तार हो रहा है। इसके परिणामस्वरूप, भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल बाजार बन गया है।

डब्ल्यूइएफ के अध्यक्ष बोर्गे ब्रेंडे ने भारत की प्रगति के बारे में आशा व्यक्त करते हुए कहा कि हमें लगता है कि आने वाले दशक में हम 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के बारे में बात कर सकते हैं, कम से कम आने वाले दो दशकों में। उन्होंने भारत की समृद्ध होती डिजिटल अर्थव्यवस्था और सेवाओं के बढ़ते निर्यात को रेखांकित करते हुए कहा कि डिजिटल अर्थव्यवस्था और सेवाओं के निर्यात की बदौलत भारत सबसे अग्रणी रहा है। यह भारत के लिए बहुत उत्कृष्ट स्थिति है। भारत बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत के प्रति काफी दिलचस्पी है।

सेल्सफोर्स के सीइओ मार्क बेनिओफ ने कहा कि दुनिया 'भारतीय युग की ओर बढ़ रही है और यह देश रोमांचकारी अवसर प्रस्तुत करता है। और आप जानते हैं कि यह बहुत ही रोमांचकारी अवसर है। गिटहब के सीइओ थॉमस डोमके ने कहा कि जब मैं अतीत और वर्तमान के भारत की तुलना करता हूं, तो अविश्वसनीय ऊर्जा दिखायी देती ह। वह आगे बढ़ रहा है और विकसित हो रहा है। तब मेट्रो नहीं थी और अब हमारे पास कई लाइनें हैं। हवाई अड्डा अद्भुत, आधुनिक और साफ-सुथरा है। मुझे लगता है कि सॉफ्टवेयर उद्योग में जो हो रहा है, यह उसका भी प्रतिबिंब है। भारत में पहले से ही बड़ी संख्या में सॉफ्टवेयर डेवलपर मौजूद हैं।

**जेपी मॉर्गन के सीइओ जेमी डिमनः** उन्होंने यह अद्भुत चलन शुरू किया है, जहां हर नागरिक को हाथ, आंख की पुतली या उंगली से पहचाना जाता है। उन्होंने 700 मिलियन लोगों के लिए बैंक खाते खोले हैं और भुगतान सुचारू रूप से संसाधित हो रहे हैं। उनकी शिक्षा प्रणाली और बुनियादी ढांचा शानदार है। एक न्यायप्रिय और सख्त व्यक्ति की बदौलत समूचा राष्ट्र उन्नति के पथ पर अग्रसर है।



**कैप्श ग्रुप के अध्यक्ष और ग्लोबल सीइओ जॉर्ज कैप्शः** भारत अब बहुत अच्छा काम कर रहा है, और हम बाजार में प्रवेश करने के लिए उत्सुक हैं। हमने कई साल पहले कोशिश की थी और हम उतने सफल नहीं हुए थे, लेकिन इस बार हमें लगता है कि यह सही भागीदारों के साथ सही समय है

एस4 कैपिटल के एक्जीक्यूटिव चेयरमैन मार्टिन सोरेल ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा ग्लोबल लीडर के रूप में भारत की ब्रांडिंग किये जाने की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ब्रांडिंग और देशों की ब्रांडिंग करने के मामले में माहिर हैं। भारत को स्थापित करने की दिशा में उन्होंने शानदार काम किया है।

बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के फाउंडेशन प्रेसिडेंट क्रिस्टोफर जे. एलियास ने भारत की विकास गाथा की सराहना करते हुए कहा कि अन्य देश अपनी स्वास्थ्य सेवा और विकास के अन्य लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करने के लिए भारत के सफल डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना मॉडल का उपयोग कर सकते हैं। डीपीआइ की दिशा में भारत की प्रगति पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि भारत की विशिष्ट उपलब्धि का एक क्षेत्र जो मेरे विचार में दुनिया के अनुकरण हेतु एक अच्छा मॉडल हो सकता है, वह है डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना जिसने वित्तीय सेवाओं, स्वास्थ्य आदि में अपार प्रगति हासिल करने में मदद की है।

बिल गेट्स ने कहा कि वह भारत के भविष्य को लेकर आशावादी हैं। डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को रूपांतरित करने की दिशा में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि आधार और बैंक खातों के साथ शुरू हुआ डिजिटल कनेक्शन का यह विचार, जिन्हें आप डिजिटल रूप से प्रबंधित करते हैं, फल-फूल रहा है। और इसलिए अब कृषि के क्षेत्र में हम देख रहे हैं कि वे किसानों को पंजीकृत कर रहे हैं और उन्हें अग्रिम सूचना दे रहे हैं। और इसलिए भारतीय नेतृत्व में कुछ ऐसा है जिससे अन्य देशों को लाभ उठाना चाहिए। 'चिप वॉर' के लेखक क्रिस मिलर ने भारत के आकर्षण को चीन के आकर्षक विकल्प के रूप में रेखांकित किया। भारत की विकास गाथा की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि भारत में चिप उद्योग को लेकर काफी उत्साह और फोकस है, केंद्र सरकार की नीतियां हैं विदेशी कंपनियां भारत को एक आकर्षक स्थान के रूप में देख रही हैं। सुखद स्थिति यह है कि भारत में इकोसिस्टम का हर हिस्सा पग्रति के पथ पर अग्रसर है।

यूएनजीए के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने त्वरित विकास के लिए डिजिटल साधनों का उपयोग करने के लिए भारत की प्रशंसा की। इस बात को रेखांकित करते हुए कि भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में लोग किस तरह से स्मार्टफोन के स्पर्श मात्र से भुगतान और बिलों का भुगतान करने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि केवल स्मार्टफोन के उपयोग की बदौलत भारत पिछले पांच या छह वर्षों में 800 मिलियन लोगों को गरीबी के चंगुल से बाहर निकालने में सक्षम रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत में ग्रामीण किसान, जिनका बैंकिंग प्रणाली से कभी कोई वास्ता नहीं था, अब अपने सभी व्यवसाय अपने स्मार्टफोन पर करने में सक्षम हो रहे हैं। वे अपने बिलों का भुगतान करते हैं और ऑर्डर के लिए भुगतान प्राप्त करते हैं। 800 मिलियन लोग गरीबी के चंगुल से बाहर निकल पाये, क्योंकि भारत में इंटरनेट की पहुंच उच्च स्तर पर है और लगभग सभी के पास सेलफोन हैं। वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चीन्ह ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, वह वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका वाली शीर्ष शक्तियों में से एक है और उसने अपनी पहचान बनायी है।

आइएमएफ की उप प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथ भी भारत की आर्थिक प्रगति के प्रति आशावादी हैं, उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और जल्द ही शीर्ष तीन वैश्विक आर्थिक शक्तियों में शामिल होने वाला है। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारत 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा। अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार विजेता पॉल रोमर ने भारत के डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआइ) की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आधार इस समय दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण तकनीकी प्रणाली है। मुझे लगता है कि डिजिटल साउथ के अन्य देशों को खुद से सबसे पहली बात यही कहनी चाहिए कि यदि भारत ऐसा कर सकता है, तो हम भी ऐसा कर सकते हैं। देशों में कुछ ऐसा करने का आत्मविश्वास और महत्वाकांक्षा होनी चाहिए, जो उन्होंने पहले कभी नहीं किया हो, जिस तरह भारत ने आधार नंबर बनाकर किया। एप्पल के सीइओ टिम कुक ने कहा कि हाल के वर्षों में, भारत उन मुट्ठी भर देशों और क्षेत्रों में से एक बन गया है, जहां एप्पल ने नये राजस्व मानक स्थापित किये हैं। प्रथम आइफोन के आरंभ होने के 15 से अधिक वर्षों के बाद यह उपकरण भारत में व्यक्तिगत प्रौद्योगिकी में सबसे प्रतिष्ठित ब्रांड बना हुआ है।

एनवीडिया के सीइओ जेन्सेन हुआंग ने भारत की तकनीकी क्षमताओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया के कुछ महानतम कंप्यूटर वैज्ञानिकों का घर है। इसलिए, यह एक शानदार अवसर है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भी एक नया उद्योग है, एक नया विनिर्माण उद्योग जो बहुत महत्वपूर्ण है और इसलिए मैं इसे संभव बनाने के लिए भारत के साथ बहुत गहन साझेदारी करने को उत्सुक हूं।

डीपी वर्ल्ड के चेयरमैन सुल्तान अहमद बिन सुलेयम ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत के विकास की प्रशंसा करते हुए कहा कि 2023 में भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है, यह विकास प्रधानमंत्री मोदी के सशक्त नेतृत्व में जारी रहने वाला है।

# रांची के री-डेवलपमेंट और पुनर्विकास प्लान पर मंथन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नये वर्ष में रांची शहर का पुनर्विकास एवं री-डेवलपमेंट प्लान तैयार करने का विचार रांची नगर निगम का है। इसे लेकर मंगलवार को अपर प्रशासक संजय कुमार की अध्यक्षता में निगम के पदाधिकारियों, इंजीनियर्स एवं कर्मियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की गयी। इसमें शहर के सभी वार्डों के सड़क-नाली की स्थिति, साफ-सफाई व मार्गों को जाम मुक्त एवं अतिक्रमण मुक्त करने की दृष्टिकोण से विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गयी। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये गये। बैठक में नगर निवेशक राम बदन सिंह, निगम के सभी अभियंतागण, नगर प्रबंधक, नगर अभियान प्रबंधक, जोनल सुपरवाइजर एवं वार्ड सुपरवाइजर भी उपस्थित थे। गौरतलब है कि पिछले दिनों सीएम हेमंत सोरेन ने भी अधिकारियों संग हुई बैठक में राजधानी रांची के पुनर्विकास और लोगों को बेहतर सुविधाएं दिए जाने का निर्देश दिया था। इसी आलोक में निगम अपने स्तर से तैयारियों में जुटता दिख रहा है। इन बिंदुओं पर जारी किये गये दिशा-निर्देश

मौके पर संजय कुमार ने कहा कि निगम क्षेत्र को साफ रखना और विकसित करना हम सबों की प्राथमिकता है। ऐसे में योजनाबद्ध तरीके से कार्यों का निष्पादन ससमय करें। उन्होंने विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये।

रांची शहर की सड़कों की मरम्मत, मजबूतीकरण और चौड़ीकरण के लिए शहर के सभी 53 वार्डों के लिए गठित टीमों द्वारा भौतिक निरीक्षण करते हुए प्रतिवेदन तैयार करे। हर वार्ड के टीम में एक कनीय अभियंता, एक सहायक अभियंता, संबंधित वार्ड के सुपरवाइजर, जोनल सुपरवाइजर एवं नगर प्रबंधक एवं नगर अभियान प्रबंधक होंगे।

सभी मुख्य मार्गों, उनसे कनेक्टिंग पथों, गली-मुहलों के सड़को तथा सभी छोटी-बड़ी नालियों का एक डिटेल्ड रिपोर्ट तैयार करें। इस रिपोर्ट के आधार पर नयी योजनाएं तैयार करें।

शहर की सड़कों और नालियों के प्रतिवेदन में इनकी वर्तमान स्थिति को अच्छा, औसत, खराब एवं बहुत खराब के श्रेणी में डालें। उक्त प्रतिवेदन को तीन दिनों के भीतर तैयार करें, ताकि इसे राज्य सरकार के मार्गदर्शन हेतु अग्रसारित किया जा सके। इसके अलावा सभी मुख्य चौक-चौराहों का मरम्मत, अधिष्ठापित महापुरुषों की मूर्तियों की सफाई व डिवाइडरों की नियमित सफाई करें।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना संख्या: एम-41-एमसीसी-ओबीएचएस-2वीबी-आरएनसी-40, दिनांक: 30.12.2024।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नाम:** चार वर्षों की अवधि के लिए 2 अदद वंदे भारत ट्रेनसेट (रांची-हावड़ा-रांची एवं रांची-वाराणसी-रांची) के लिए कोचों की यांत्रिक सफाई, वाटरिंग, ओबीएचएस, कूड़ा-करकट संग्रह करना तथा मार्ग में निपटाना। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 3,05,15,988.40 (जीएसटी सहित)। **बयाना राशि:** ₹ 3,02,600। **ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 21.01.2025 को सुबह 11.00 बजे। वेबसाइट का विवरण : www.ireps.gov.in। (PR-963)

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिये तकनीकी विशेषज्ञता, वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव रखनेवाले ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठानों/एजेंसियों/संवेदको, "टू पैकेट बिड" ई–निविदायें आमंत्रित है। (i) निविदा संख्या एवं दिनांक : GEM/2024/B/5758434 दिनांक: 28.12.2024. (ii) कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : धनबाद से खुलने वाली स्पेशल ट्रेनों में ऑन बोर्ड सर्विस (यानी ऑनबोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस और लिनेन डिस्ट्रीब्यूशन) का एक वर्ष के लिए ठेका। कार्य समापन अवधि – 01 वर्ष। (iii) कार्य की अनुमानित लागत : ₹4,26,64,558.84 (चार करोड़ छबीस लाख चौसठ हजार पाँच सौ आठवन रूपये एवं चौरासी पैसे) मात्र। (iv) बयाना राशि : ₹3,63,400/– (तीन लाख तिरेसठ हजार चार सौ रूपये) मात्र। (v) ई–निविदा बंद होने की तारीख एवं समय : तारीख 18.01.2025 को 16:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तारीख एवं समय:तारीख 18.01.2025 को 16:30 बजे। (vi) वेबसाईट विवरण : http://www.gem.gov.in ई–निविदा के तहद मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक / पूमरे/धनबाद

पीआर/01809/डीएचएन/यां/टी/24–25/36

**भा.कृ.अनु.प. - राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान,** कटक- (ओडिशा)

ICAR - ନ୍ୟାସନାଲ୍ ରାଇସ୍ ରିସର୍ଚ୍ଚ ଇନ୍ଷ୍ଟିଚ୍ୟୁଟ୍, ବିଦ୍ୟାଧରପୁର, କଟକ-୭୫୩ ୦୦୬ (ଓଡ଼ିଶା)

**ICAR - NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE,** BIDYADHARPUR, CUTTACK-753 006 (ODISHA)

E-mail: director.nrri@icar.gov.in / web: www.icar-nrri.in

**नोटिस**

ICAR-नेशनल राइस रिसर्च इंस्टिट्यूट (NRRI), कटक ने एक सूचना जारी की है जिसमें जनता को चेतावनी दी गई है कि कुछ धोखेबाज लोग संस्थान का नाम और लोगो जालसाजी करने के लिए इस्तेमाल करके फर्जी भर्ती विज्ञापन और नौकरी के प्रस्ताव दे रहे हैं। ये धोखेबाज नौकरी चाहने वालों से संवेदनशील व्यक्तिगत या वित्तीय जानकारी मांग रहे हैं और काल्पनिक नौकरी प्रस्तावों के लिए अवैध भुगतान की मांग कर रहे हैं। ICAR-NRRI यह स्पष्ट करता है कि वह केवल आवेदन शुल्क (यदि लागू हो) के अलावा किसी भी प्रकार का भुगतान नहीं मांगता है, और भर्ती प्रक्रिया के दौरान बैंक खाता या क्रेडिट कार्ड जैसी वित्तीय जानकारी नहीं मांगता है। सभी रिक्तियां केवल आधिकारिक NRRI वेबसाइट पर और प्रतिष्ठित प्रकाशनों में ही विज्ञापित की जाती हैं। संस्थान नौकरी चाहने वालों से आग्रह करता है कि वे फर्जी विज्ञापनों से सावधान रहें और उनका जवाब न दें, क्योंकि ICAR-NRRI धोखाधड़ी से हुए किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। धोखाधड़ी के मामले में, व्यक्तियों को संस्थान के आधिकारिक संपर्क विवरण पर एवं पुलिस को रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है।

**सार्वजनिक हित में सभी नौकरी आकांक्षी / आवेदक के लिए जारी किया गया।**

# राजनीतिक कौशल की परीक्षा का साल 2025

नये साल 2025 में मोदी सरकार के सामने राजनीतिक परिदृश्य और अधिक चुनौतीपूर्ण होने वाला है। एक देश, एक चुनाव जैसी महत्वाकांक्षी पहल के लिए समर्थन जुटाना आसान नहीं होगा, खास कर जब इस मुद्दे पर विभिन्न दलों की राय विभाजित है। इसके साथ ही अंबेडकर विचारधारा से जुड़े सामाजिक मुद्दों और अडानी प्रकरण पर विपक्ष के तीखे हमलों का सामना करते हुए सरकार को अपनी नीतियों और छवि को मजबूत बनाये रखना होगा। ऐसे में यह वर्ष सरकार के लिए न केवल राजनीतिक कौशल की परीक्षा का होगा, बल्कि जनता के भरोसे को कायम रखने की भी। वक्फ बिल अभी पास नहीं हुआ है और उत्तराखंड जैसे राज्य में समान नागरिक संहिता का कानून बन भी चुका है। 2025 का भारत, एक नयी राजनीतिक दिशा और संभावनाओं के साथ गहराते सामाजिक-राजनीतिक विभाजन और असंतोष के दौर से भी गुजर सकता है। पक्ष विपक्ष के बीच प्रतिद्वंदिता दुश्मनी का रूप लेती जा रही है। मोदी सरकार ने एक देश एक चुनाव का बिल संसद में पेश तो कर दिया, लेकिन एक साथ चुनाव कराना इतना आसान नही है। यह विचार भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण और विवादास्पद मुद्दा है। इसे लागू करने के लिए संविधान में संशोधन और व्यापक राजनीतिक सहमति की आवश्यकता है। इसे लागू करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 83, 85, 172, 174, और 356 में संशोधन करना पड़ेगा। इसके लिए संविधान संशोधन के लिए संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत और आधे से अधिक राज्यों की विधानसभाओं की मंजूरी आवश्यक है, जबकि विपक्षी दल इसे सत्ता के केंद्रीकरण और संघवाद के लिए खतरा मानते हैं। क्षेत्रीय दल, जिनकी राजनीति राज्य स्तर पर केंद्रित है, इसे अपने अधिकारों में हस्तक्षेप मान सकते हैं। इसलिए एनडीए घटकों का समर्थन जुटाना ही चुनौतीपूर्ण होगा। वर्तमान में, वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) के पास समीक्षा के लिए भेजा गया है। विपक्ष इसे अल्पसंख्यक विरोधी नीति बता कर मुद्दा बना रहा है। राज्यसभा में एनडीए के पास बहुमत है, जिससे इस विधेयक को पारित कराना अपेक्षाकृत सरल हो सकता है। हालांकि, विधेयक की संवेदनशीलता और विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच मतभेदों को देखते हुए, इसे पारित कराने में कुछ चुनौतियां आ सकती हैं। संसद की संयुक्त समिति की पहली बैठक जल्द ही होने की संभावना है, जो विधेयक की समीक्षा करेगी और आवश्यक संशोधनों पर विचार करेगी। इस प्रक्रिया के बाद, विधेयक को संसद के दोनों सदनों में पारित कराने के लिए प्रस्तुत किया जायेगा।

**मोदी सरकार ने एक देश एक चुनाव का बिल संसद में पेश तो कर दिया, लेकिन एक साथ चुनाव कराना इतना आसान नही है। यह विचार भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण और विवादास्पद मुद्दा है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**गर्भ में पल रहा बच्चा जब जन्म लेता है, तो वह बाहरी दुनिया को पहचानने लगता है। उसके सोचने, समझने और प्रतिक्रिया देने की क्षमता भी विकसित होती जाती है। इसलिए कह सकते हैं कि मां का गर्भ बच्चे की पहली पाठशाला होता है। ऐसे शोध भी हो चुके हैं, जिनमें बताया गया कि मां के मूड का बच्चे पर बहुत प्रभाव पड़ता है। मां उदास होती है, तो गर्भ का बच्चा भी उदास हो जाता है।**

# मां का 'गर्भ' है सबसे बड़ी पाठशाला

क्षमा शर्मा

हाल ही में अमेरिका में गर्भ में पल रहे 140 भ्रूणों का अध्ययन किया गया था। इसके निष्कर्षों के रूप में बताया गया था कि बच्चे के मस्तिष्क के विकास के साथ-साथ बच्चा बाहरी दुनिया को समझने की कोशिश करने लगता है। यह सब बच्चे के मस्तिष्क में विकसित हो रहे न्यूरोन्स के कारण होता है। गर्भ में पल रहा बच्चा जब जन्म लेता है, तो वह बाहरी दुनिया को पहचानने लगता है। उसके सोचने, समझने और प्रतिक्रिया देने की क्षमता भी विकसित होती जाती है। इसलिए कह सकते हैं कि मां का गर्भ बच्चे की पहली पाठशाला होता है। ऐसे शोध भी हो चुके हैं, जिनमें बताया गया कि मां के मूड का बच्चे पर बहुत प्रभाव पड़ता है। मां उदास होती है, तो गर्भ का बच्चा भी उदास हो जाता है। मां रोती है, तो बच्चा भी सिसकता है। मां हंसती है, तो बच्चा भी खिलखिलाता है। यही नहीं, गर्भ में 5 महीने के बाद, बच्चा अपने घर वालों की आवाज पहचानने लगता है। प्रतिक्रिया देने लगता है। यहां तक कि अगर माता-पिता अपने गर्भस्थ शिशु से बातें करें, प्यार जताएं, तो वह कभी पांव चला कर, कभी हाथ चला कर उसका उत्तर देता है और अपनी खुशी जाहिर करता है।

**गर्भ के बच्चे को लगातार यह बताया जाये कि उसके आने से माता-पिता कितने खुश हैं, तो बच्चा इसे महसूस करता है।**

बहुत पहले एक वीडियो में देखा गया था कि एक पिता गर्भ में पल रही अपनी बच्ची से लगातार बातें करता था। जब उस बच्ची का जन्म हुआ, तो पिता उसे देखने गया। वह बच्ची से उसी तरह से बातें करने लगा। बच्ची पिता की आवाज सुनकर गर्दन उठा कर इतनी जोर से मुस्कुरायी कि वहां उपस्थित डाक्टर और नर्सें हैरान रह गये। क्योंकि इतने छोटे बच्चे अक्सर अपनी गर्दन नहीं उठा पाते। उन्हें सहारा देना पड़ता है।



**कोई पूछ सकता है कि आखिर हमारी नानी-दादियों को ये सब बातें कैसे पता थीं, जिन्हें विज्ञान आज अरबों-खरबों रुपये खर्च करके साबित कर रहा है, तो यही कहा जा सकता है कि हजारों सालों के अनुभव की प्रयोगशाला और ज्ञान को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाने की मौखिक परंपरा से यह सब संभव हुआ होगा।**

यदि गर्भ के बच्चे को लगातार यह बताया जाये कि उसके आने से माता-पिता कितने खुश हैं, तो बच्चा इसे महसूस करता है और मानसिक, शारीरिक रूप से स्वस्थ रहता है। यह मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य जीवन भर रहता है। ये सब बातें जब तमाम शोधों के आधार पर बता रही हूं, तो यह बताना और याद दिलाना जरूरी है कि हमारी पुरातन पीढ़ी को इनमें से अधिकांश बातें मालूम थीं। वे कहती थीं कि मां का जो चीजें खाने का मन करे, उसे वे जरूर खिलानी चाहिए, क्योंकि बच्चे के स्वास्थ्य के लिए ये चीजें जरूरी हैं। मां को अगर भोजन सुस्वादु लगता है, तो यह भावना बच्चे तक भी पहुंचती है। यही नहीं इन दिनों स्टैम सेल रिसर्च की बातें भी बहुत जोर-शोर से होती हैं। इन पर सारी दुनिया में शोध चल रहे हैं। शोध बताते हैं कि बच्चे के जन्म के वक्त जो गर्भनाल होती है, उसके खून को अगर प्रिजर्व कर लिया जाये, तो कहा जाता है कि आगे चल कर अगर बच्चे को कोई गंभीर बीमारी हो तो उसे ठीक किया जा सकता है।

अपने यहां और बहुत से देशों में इस खून को प्रिजर्व करने के लिए अनेक अस्पतालों में स्टैम सेल बैंकिंग का प्रावधान है। बड़ी संख्या में माता-पिता बच्चे के भविष्य को ध्यान में रख कर, इस खून को बैंक में जमा करा रहे हैं। भारत में भी यह चलन बढ़ रहा है। हां, इसकी फीस देनी पड़ती है। इसी बात को देखते हुए याद आता है कि गांव में दादी बच्चे के जन्म के बाद उसकी नाल के एक हिस्से को सुखा कर रख लेती थी। मान लीजिए कि बच्चे की आंख दुखी या उसका पेट खराब हुआ, तो इसी नाल को घिस कर आंख में डाला जाता था या उसे चटाया जाता था और आश्चर्यजनक रूप से वह ठीक हो जाता था। कोरिया में तो इसे इतना पवित्र माना जाता है कि लोग फ्रेम करवा कर अपने-अपने घरों में टांग देते हैं।

कोई पूछ सकता है कि आखिर हमारी नानी-दादियों को ये सब बातें कैसे पता थीं, जिन्हें विज्ञान आज अरबों-खरबों रुपये खर्च करके साबित कर रहा है, तो यही कहा जा सकता है कि हजारों सालों के अनुभव की प्रयोगशाला और ज्ञान को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाने की मौखिक परम्परा से यह सब संभव हुआ होगा। जाहिर है कि इन अनुभवों का भी वैज्ञानिक आधार ही था। जिसे अनुभव से सिद्ध किया गया था। आज की भाषा में इसे ही तो क्लीनिकल ट्रायल कहते हैं। इस संदर्भ में अभिमन्यु की कहानी का उल्लेख भी जरूरी है जो घर-घर में कही जाती है। अभिमन्यु जब गर्भ में थे, तो उनके पिता अर्जुन उनकी मां को युद्ध में चक्रव्यूह में प्रवेश कैसे किया जाता था, इस बारे में बता रहे थे।

लेकिन जब तक वह चक्रव्यूह से बाहर निकलने की बात बताते, उनकी पत्नी को नींद आ गयी। गर्भ में पल रहे शिशु अभिमन्यु ने यह सब सुना था, लेकिन मां के सोने के बाद शायद वह भी सो गये और नहीं जान सके कि चक्रव्यूह से बाहर कैसे निकलें। इसीलिए कौरवों से युद्ध करते वक्त मारे गये। यानी कि गर्भ में बच्चा सब कुछ जान सकता है, यह हमारे यहां पीढ़ियों से सर्वमान्य है। वैज्ञानिक तो आज इस बात का पता लगा रहे हैं।

## देश-विदेश की खबरें

# यूपी में युवक की पीटकर हत्या

**मुरादाबाद पुलिस बोली- भीड़ ने गोकशी करते पकड़ा था, इलाके में फोर्स तैनात**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुरादाबाद।** पश्चिम यूपी में मुरादाबाद के हिंदू बहुल मंडी समिति इलाके में एक मुस्लिम युवक की गोकशी के शक में पीट-पीट कर हत्या कर दी गयी। इससे इलाके में तनाव फैल गया है। पुलिस ने देर रात पोस्टमार्टम कराने के बाद मंगलवार सुबह भारी पुलिस बल की तैनाती के बीच युवक के शव का उसके परिवार के सदस्यों द्वारा अंतिम संस्कार करा दिया है। कई मुस्लिम बहुल इलाकों में भी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। मुरादाबाद मंडल के आयुक्त, औंजनेय कुमार सिंह ने कहा कि कानून-व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है और किसी भी परेशानी को रोकने के लिए आवश्यक पुलिस तैनाती की गयी है।



शाहीदीन की फाइल फोटो।

एएसपी कुमार रणविजय सिंह ने कहा कि कुछ लोगों ने असालतपुरा इलाके के शाहीदीन (29) को सोमवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे मंडी समिति परिसर से पकड़ा था। आरोप है कि वह तीन लोगों के साथ गोकशी कर रहा था। गोहत्या से नाराज भीड़ ने पकड़े गए युवक की डंडों और रॉड से बुरी तरह पीटाई की। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मुरादाबाद जिला अस्पताल में सोमवार की रात उसकी मौत हो गयी। रात में ही शव का पोस्टमार्टम कराया गया और सुबह परिवार के साथ अंतिम संस्कार करा दिया गया। एएसपी के अनुसार शाहीदीन के भाई गुड्डु की तहरीर पर मझोला पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ हत्या की धाराओं में केस दर्ज कर जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि इससे पहले मृतक और मौके से भाग निकले तीन अन्य लोगों के खिलाफ गोहत्या की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी थी।

# रायपुर में ट्रक ने 13 को कुचला, 2 बच्चों की मौत

**साहू परिवार अमरकंटक से दर्शन करके धमतरी लौट रहे थे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में ट्रक ने सड़क किनारे खड़े लगभग 13 से 15 लोगों को कुचल दिया है। इस हादसे में मौके पर ही दो बच्चों की दर्दनाक मौत हो गयी। वहीं कई घायल बताये जा रहे हैं। यह पूरा मामला धरसींवा थाना क्षेत्र के सिलतरा का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, गाड़ी खराब हो गयी थी जिसकी वजह से सिलतरा के पास रिपेयरिंग का काम करवाया जा रहा था। मरने वालों में 2 बच्चे हैं, जिनका नाम आरध्य साहू और मोनिका साहू है। पुलिस के मुताबिक, यह हादसा सोमवार रात लगभग 1:30 बजे हुआ है। धमतरी जिले में रहने वाला साहू परिवार नये साल से पहले अमरकंटक दर्शन करने गया था। रात में अमरकंटक से धमतरी लौट रहे थे। तूफान गाड़ी में महिलाओं और बच्चों को मिलाकर 13 लोग सवार थे। इस दौरान सिलतरा ओवर ब्रिज के ऊपर गाड़ी अचानक बंद हो गयी। गाडी स्टार्ट नहीं हो रही थी सब लोग नीचे उतरे तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक ने गाड़ी और लोगों को पीछे से टक्कर मार दी। बताया जा रहा है, हादसे के वक्त कुछ लोग सड़क किनारे और कुछ लोग गाड़ी के अंदर बैठे थे।

# कन्याकुमारी में देश के पहले समुद्री ग्लास ब्रिज का उद्घाटन

**विवेकानंद मेमोरियल से तिरुवल्लुवर प्रतिमा तक 77 मीटर लंबा पुल, 37 करोड़ लागत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कन्याकुमारी/ तमिलनाडू।** देश का पहला समुद्री ग्लास ब्रिज तमिलनाडु के कन्याकुमारी के तट पर बनकर तैयार हो गया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने 77 मीटर लंबे और 10 मीटर चौड़े इस ब्रिज का उद्घाटन सोमवार शाम को किया।

ब्रिज के बनने से टूरिस्ट कन्याकुमारी के तट पर विवेकानंद रॉक मेमोरियल से सीधे 133 फीट ऊंची तिरुवल्लुवर प्रतिमा तक पहुंच सकते हैं। इस प्रोजेक्ट के लिए राज्य सरकार के 37 करोड़ रुपये खर्च हुए। कन्याकुमारी के टूरिजम अधिकारी ने बताया कि ग्लास ब्रिज पर नीचे समुद्र है। ब्रिज पर चलने से ऐसा लगता है जैसे हम समुद्र पर चल रहे हों। धनुषाकार आर्च ग्लास ब्रिज को तट पर चलने वाली तेज हवा को झेलने के हिसाब से डिजाइन किया है। उद्घाटन के दौरान सीएम स्टालिन, डिप्टी सीएम उदयनिधि स्टालिन, राज्य के मंत्रियों और सांसद कनिमोझी पुल पर पैदल चले। उद्घाटन के बाद तिरुवल्लुवर की प्रतिमा पर लेजर लाइट शो का भी आयोजन किया गया।



# साउथ कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी

**सियोल।** साउथ कोरिया में पद से हटाये गये राष्ट्रपति योन सुक योल के खिलाफ मंगलवार को सियोल की एक कोर्ट ने अरेस्ट वारंट जारी कर दिया है। यून को मॉर्शल लॉ लागू करने की नाकामयाब कोशिश के बाद 14 दिसंबर को महाभियोग लाकर पद से हटा दिया गया है। जानकारी के मुताबिक ऐसा देश में पहली बार हो रहा है जब किसी मौजूदा राष्ट्रपति के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया गया है। सियोल की जिला अदालत ने करप्शन इंवेस्टिगेशन ऑफिस के सीनियर अधिकारियों के इसके लिए निर्देश दिये हैं। इसके अलावा उनके राष्ट्रपति आवास की तालाशी लेने के लिए भी आदेश दिये गयी हैं। यून ने 4 दिसंबर को देर रात देश में इमरजेंसी (मार्शल लॉ) लागू करने की घोषणा की थी।

# पाकिस्तान बना रहा देश का सबसे बड़ा न्यूक्लियर प्लांट, 1200 मेगावाट होगी क्षमता

एजेंसी

**कराची।** पाकिस्तान बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिए देश का सबसे बड़ा न्यूक्लियर पावर प्लांट बनाने जा रहा है। इसके लिए पाकिस्तान की न्यूक्लियर एजेंसी ने मंजूरी दे दी है। इस प्लांट की डिजाइन चीन की कंपनी हुआलोंग ने की है।

पाकिस्तान की न्यूक्लियर एजेंसी ने बयान जारी कर कहा कि सी 5 पावर प्लांट के लिए लाइसेंस जारी कर दिया गया है और इसकी क्षमता 1200 मेगावाट होगी।

सी-5 तीसरी पीढ़ी का एडवांस प्रेशराइज्ड वॉटर रिएक्टर है। इसमें डबल-शेल कंटेनमेंट और रिएक्टर-फिल्टर वेटिंग सिस्टम भी हैं। इसे बनाने में करीब 3.7 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च होंगे।




पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने चश्मा परमाणु ऊर्जा संयंत्र की 5वीं इकाई के कार्यक्रम का अनावरण किया।

यह प्लांट 60 साल तक अपनी सेवाएं देगा। पाकिस्तान में इस डिजाइन का यह तीसरा न्यूक्लियर पावर प्लांट होगा। इसके अलावा दो और प्लांट कराची परमाणु ऊर्जा संयंत्र यूनिट 2 और 3 हैं जो कि पहले से ही काम कर रहे हैं।

**रेडिएशन प्रोटेक्शन, न्यूक्लियर सेफ्टी से जुड़े डॉक्यूमेंट की हुई जांच :** रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान परमाणु ऊर्जा आयोग ने इस साल अप्रैल में लाइसेंस के लिए आवेदन किया था और उसने इसके साथ ही प्रारंभिक सुरक्षा आंकलन रिपोर्ट और परमाणु सुरक्षा, रेडिएशन प्रोटेक्शन, इमरजेंसी की तैयारी, वेस्ट मैनेजमेंट से जुड़े परिचालन संबंधी पहलुओं और डिजाइन के बारे में कई डॉक्यूमेंट्स भेजे थे।

पाकिस्तान में अभी टोटल न्यूक्लियर पावर कैपेसिटी करीब 3500 मेगावाट है जो देश के कुल पावर प्रोडक्शन का लगभग 27 प्रतिशत है। पाकिस्तान के पास कराची-3 नाम का न्यूक्लियर प्लांट भी है जिसकी क्षमता करीब 1000 मेगावाट है।

# यूक्रेनी विदेश मंत्री ने जुलानी से की मुलाकात

एजेंसी

**दमिश्क।** सीरिया में असद के भागने और रूस का दबदबा खत्म होने के बाद यूक्रेन वहां एक्टिव हो गया है। यूक्रेन के विदेश मंत्री एंद्री सिबिहा ने सोमवार को सीरियाई विद्रोहियों के नेता अबु मोहम्मद अल जुलानी से मुलाकात की। इसके बाद सीरिया के विदेश मंत्री असद हसन अल शिबानी ने कहा कि वे यूक्रेन के साथ रणनीतिक साझेदारी चाहते हैं। शिबानी ने कहा कि सीरिया और यूक्रेन के लोगों ने एक तरह के कष्ट झेले हैं।

वहीं, यूक्रेन ने वादा किया है कि वे सीरिया में पहले से ज्यादा सहायता सामग्री भेजेंगे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा सालों तक रूस की दखलंदाजी के बाद हम सीरिया में स्थिरता लाने में मदद कर सकते हैं। इससे पहले यूक्रेन ने शुक्रवार को सीरिया में 500 टन अनाज भेजने की घोषणा की थी।



**सीरिया में पहली बार महिला सेंट्रल बैंक की हेड बनी**

असद के देश छोड़ने के बाद से सीरिया कई तरह के बदलावों से गुजर रहा है। विद्रोहियों के समर्थन वाली सरकार ने पहली बार एक महिला को देश के सेंट्रल बैंक का हेड बनाया है। मयासा सैबरिन देश की पहली महिला गवर्नर होंगी। उनके पास फाइनेंशियल सेक्टर में काम करने का 15 साल का अनुभव है।

**असद के भागने से सीरिया में कैसे खत्म हुआ रूस-ईरान का दबदबा?**

पश्चिमी एशिया में सीरिया रूस का सबसे भरोसेमंद पार्टनर था। 2011 में बशर के खिलाफ विद्रोह के बाद से ही रूस और ईरान ने बशर को हर तरह की सैन्य, आर्थिक व रणनीतिक मदद देता रहा है। 2016 में सीरिया में असद रूस और ईरान के समर्थन से ही ताकतवर हुए। उन्होंने अलेप्पो पर कब्जे के बाद हमा और होम्स जीत लिया। 2022 में यूक्रेन में जंग शुरू हो गई और रूस वहां व्यस्त हो गया। इसके चलते रूस ने अपने सैनिकों को सीरिया से निकाल लिया। फिर 2023 में इजराइल और हमास के बीच जंग शुरू हुई।

# हमें खेल प्रतिस्पर्धा के साथ खेलना चाहिए, न कि प्रतिद्वंद्विता के साथ : कमांडेंट

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** बीएनटी संत मैरी स्कूल में 28 दिसंबर से चल रहे तीन दिवसीय खेलकूद महोत्सव का समापन 31 दिसंबर को मुख्य अतिथि सीआरपीएफ 172 बटालियन कमांडेंट नृपेंद्र कुमार सिंह और विशिष्ट अतिथि शहर के प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉ पंकज प्रभात की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को इस वार्षिक खेलकूद महोत्सव विद्यालय के विद्यार्थियों के कौशल की सराहना करते हुए कहा कि जीवन भी एक खेल है और जिस तरीके से खेल में कड़ी लगन, संघर्ष, जज्बा, अनुशासन, उम्मीद हमें विजय प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करता है। उसी तरह से हम अपने जीवन के विभिन्न कदमों पर भी सफलता को प्राप्त करते हैं। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमें खेल प्रतिस्पर्धा के साथ खेलना चाहिए ना कि प्रतिद्वंदिता के साथ। क्योंकि प्रतिस्पर्धा से हम लक्ष्य तक पहुंचते हैं। इस स्वर्णिम अवसर पर उपस्थित विद्यालय सचिव संचित तिवारी डॉक्टर कुलदेव चौधरी, दीपक कुमार तिवारी, शशि शेखर गुप्ता चंदन गोंड अशोक विश्वकर्मा सुनील कुमार बबन पांडेय राजेश अग्रवाल और समाज के अन्य प्रबुद्ध वर्ग तथा अभिभावकगण उपस्थित होकर बालक और बालिकाओं का हौसला अफजाई करने का काम किया। विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों की अहम भूमिका को सराहा गया।




# नया साल सभी के जीवन में सुख-शांति और खुशियां लेकर आये : मिथिलेश

## पूर्व मंत्री ने दी नव वर्ष की बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा वासियों सहित संपूर्ण झारखंड वासियों को नव वर्ष की बधाई दी है। श्री ठाकुर ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि नया साल 2025 गढ़वा वासियों सहित संपूर्ण झारखंड वासियों के लिए सुख, समृद्धि, शांति, स्वास्थ्य और अद्भुत खुशियां लेकर आये।



नया साल खुशियों की सौगात के साथ-साथ भारत में न्याय और मोहब्बत का पैगाम ले कर आये।

उन्होंने कहा कि नये साल में गढ़वा सहित संपूर्ण झारखंड खूब तरक्की करे। राज्य की जनता को पूरा हक, अधिकार और सम्मान मिले। साथ ही गढ़वा विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता रहे। नये साल में पिछले अधूरे पड़े सारे विकास कार्य निर्बाध रूप से पूर्ण हो। जिसका लाभ गढ़वा वासियों को मिल सके। साथ ही नये साल में गढ़वा के लिए कुछ और बेहतर विकास कार्य हो इन्हीं शुभकामनाओं के साथ सभी को नये साल की बहुत बहुत बधाई।

# राधा बाबू की पुण्यतिथि पर भंडारा का आयोजन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। स्वर्गीय राधा बाबू की 35वीं पुण्यतिथि पर मंगलवार को रंका मोड़ स्थित इंदिरा गांधी पार्क में भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लगभग 400 लोगों ने स्वादिष्ट व्यंजन का लुत्फ उठाया। डॉक्टर पातंजली केशरी ने कहा कि सोशल वर्कर संस्था की ओर से राधा बाबू की 35वीं पुण्यतिथि पर सातवें दिन भंडारा का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय राधा बाबू चिकित्सा सेवा में बेहतर कार्य के अलावा समाज सेवा में विशेष रूचि रखते थे। इसके पूर्व एक सप्ताह तक चलाये गये जन कल्याणकारी कार्यक्रम के तहत रक्तदान, कंबल वितरण के अलावा पढ़ने वाले बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। उन्होंने उपस्थित लोगों को नववर्ष की शुभकामना देते हुए अगले वर्ष भी इसी तरह लोगों की मदद के लिए सेवा कार्य करते रहने की बात कही। नीलू केशरी ने कहा कि स्वर्गीय राधा बाबू का जीवन पीड़ित मानवता की सेवा में व्यतीत हुआ है। आज का भंडारा कार्यक्रम उनके परोपकारी व्यक्तित्व को दर्शाने का एक छोटा सा प्रयास है। मौके पर मोहम्मद शम्मी हाफिज, शैलेंद्र पाठक, ज्ञान प्रकाश केशरी, पिंटू गुप्ता, विकास केशरी, अलका रानी, सुशील केशरी, दिव्य प्रकाश केशरी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सत्येंद्रनाथ तिवारी जब से विधायक बने हैं, तब से आम जनता ठगा महसूस कर रही है : नितेश सिंह



गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिला के झारखंड मुक्ति मोर्चा के बीस सूत्री के उपाध्यक्ष नितेश सिंह अपने आवास बरवाडीह में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इस दौरान नितेश सिंह ने कहा कि जब से आम चुनाव 2024 हुआ है। ओर गढ़वा के विधायक सतेंद्र नाथ बने हैं, तब से आम जनता ठगा महसूस कर रहा है। विधायक के द्वारा नक्सली गुंडा की तरह काम को बंद कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह काम से पहले कमीशन दो वरना काम को बंद करो। चुनाव के समय विधायक सतेंद्र नाथ तिवारी लखना गांव में हिंदू मुस्लिम में झगड़ा कराने का काम किया। इस घटना का सीआईडी जांच कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि तीसर टैटूका के एक दलित पर भी आरोप लगा रहे है।

# स्वतंत्रता सेनानी फेतल सिंह का मनाया गया शहादत दिवस



रंका (आजाद सिपाही)। रंका आदिवासी खरवार एकता संघ के तत्वावधान में प्रखंड अंतर्गत ग्राम बाहाहारा के स्वतंत्रता सेनानी फेतल सिंह के शहादत दिवस 31 दिसंबर को मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रंका चेकनाका स्थित पलामू के प्रथम सांसद जेठान सिंह खरवार के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। गढ़वा जिला भाजपा वाले सचिन कालीचरण मेहता ने कहा कि आदिवासियों की सरकार को भारतीय जनता पार्टी की केंद्र की सरकार बर्दाश्त नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन आदिवासियों का है और रहेगा। माले नेत्री सुषमा मेहता ने कहा कि अंतिम समय तक आदिवासी जल, जंगल और जमीन को लूटने नहीं देंगे क्योंकि इन पर आदिवासी समाज के लोगों का अधिकार है। फेतल सिंह का शहादत दिवस कार्यक्रम उनके पैतृक गांव बाहाहारा स्थित प्रतिमा स्थल पर भी कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर रामखेलावन सिंह, रमन सिंह, प्रताप सिंह ,बद्रीनारायण सिंह, गढ़वा जिला अध्यक्ष नारायण सिंह, भरत सिंह, पूर्व जिला पार्षद उमा देवी सहित काफी संख्या में विभिन्न संगठनों के लोग उपस्थित थे। इस मौके पर रंका उतरी जिला परिषद सदस्य संपूर्णा तिवारी, राहुल तिवारी भी उपस्थित थे।

# प्रमुख ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ



मेराल (आजाद सिपाही)। अंजुमन शान ए वतन के सौजन्य से तिसरटेटूका गांव के मैदान में मंगलवार को क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। जिसका उद्घाटन झामुमो के जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ओबेदुल्ला हक अंसारी, मेराल प्रमुख दीपमाला कुमारी, गढ़वा जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष शरीफ अंसारी, शान ए वतन कमेटी के जिला अध्यक्ष अतहर अंसारी, कन्या विवाह सोसाइटी के सचिव विकास माली ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। आयोजित टूर्नामेंट सीजन 3 में कुल 16 क्रिकेट टीम के खिलाड़ी भाग लिए हैं। विशिष्ट अतिथि विकास कुमार माली ने कहा कि खेल के क्षेत्र में पैसे के अभाव में जो खिलाड़ी जिला राज्य और अंतरराज्यीय खेल में भाग लेने के लिए सक्षम नहीं है वैसे खिलाड़ी को कन्या विवाह विकास सोसाइटी सहयोग के लिए हमेशा तैयार है।

# ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत



मृतक की फाइल फोटो।

रमना (आजाद सिपाही)। रमना प्रखंड मुख्यालय के रामगढ़ टोला निवासी लाला पासवान के 28 वर्षीय पुत्र आनंद पासवान उर्फ शेरु का अज्ञात ट्रक के चपेट में आने से मौत उत्तर प्रदेश के अनपरा में हो गयी। खबर के अनुसार आनंद पासवान शक्तिनगर में ट्रक चालक का कार्य करता था। खबर लिखे जाने तक मृतक के अंक परीक्षण नहीं होने से शव मृतक के घर नहीं पहुंच पायी है।


## समाहरणालय, लातेहार (भू-अर्जन शाखा)
### समाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन की अधिसूचना

(देखें नियम 6 का उप–नियम(1))

संख्या– /भू0 अ0 दिनांक–

भूमि अर्जन पुर्नवासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा–4 के प्रावधनों के तहत् सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन हेतु इस कार्यालय के पत्रांक–217 दिनांक– 07.06.2024 के द्वारा राजबार ई0 एण्ड डी0 कोल ब्लॉक के लिए M/s Social Action for Rural Development (SARDA) Chhotaki Murram Ramgarh Cantt. Ramgarh-829122 के द्वारा उक्त परियोजना हेतु S.I.A.(Social Impact Assessment) करने के लिए सहमति दी गई है। एतद् द्वारा राजबार ई0 एण्ड डी0 कोल ब्लॉक हेतु ग्राम–डडैया चादर–II में भूमि का रकबा–**65.14** एकड़ भूमि का सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन करने हेतु अधिसूचना निर्गत की जाती है।

1. परियोजना का नाम :– राजबार ई0 एण्ड डी0 कोल ब्लॉक मौजा–डडेया अंचल–चन्दवा जिला लातेहार
2. ग्राम का नाम :– डडैया चादर–II थाना नं0–247 राजस्व, थाना–चन्दवा पुलिस स्टेशन–चन्दवा, जिला लातेहार
3. भूमि की विवरणी :–

| क्र० सं० | ग्राम का नाम | खाता संख्या | प्लॉट संख्या | भूमि का वर्गीकरण | कुल खतियानी क्षेत्र (रकबा) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | खतियानी रैयत का नाम | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | भू–अर्जन की जाने वाली भूमि का चौहदी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 46 | डडैया चादर–II | 37 | 1351 | धान दो | 1.13 | 1.13 | दुलारी देवी, पिता–श्यामनारायण उराँव अठारह अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात सुमित्री कुँवर वो मुस्मात रधुआ, पति–टीपू उराँव दो अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व रामचरन उराँव, पिता–टिपू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व एतवा उराँव वो दीपन उराँव वो नन्दलाल उराँव, पिता–नन्हकू उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व सुर्या उराँव, पिता–चोटना उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात तेतरी उराइन, पति–लक्ष्मन उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व ओली उराँव, पिता– साहिवू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व जगु उराँव वो करमा उराँव वो धरमा उराँव, पिता–भिखी उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व धौउस वो शितल उराँव, पिता–रतिया उराँव एक अंश समान, जाति– उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व बदरी उराँव, पिता–बिरसा उराँव | दुलारी देवी, पिता–श्यामनारायण उराँव अठारह अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात सुमित्री कुँवर वो मुस्मात रधुआ, पति–टीपू उराँव दो अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व रामचरन उराँव, पिता–टिपू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व एतवा उराँव वो दीपन उराँव वो नन्दलाल उराँव, पिता–नन्हकू उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व सुर्या उराँव, पिता–चोटना उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात तेतरी उराइन, पति–लक्ष्मन उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व ओली उराँव, पिता–साहिवू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व जगु उराँव वो करमा उराँव वो धरमा उराँव, पिता–भिखी उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व धौउस वो शितल उराँव, पिता–रतिया उराँव एक अंश समान, जाति– उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व बदरी उराँव, पिता–बिरसा उराँव | उत्तर– बहादुर यादव दक्षिण– निज |
| 47 | डडैया चादर–II | 37 | 1352 | धान दो | 0.60 | 0.60 | दुलारी देवी, पिता–श्यामनारायण उराँव अठारह अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात सुमित्री कुँवर वो मुस्मात रधुआ, पति–टीपू उराँव दो अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व रामचरन उराँव, पिता–टिपू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व एतवा उराँव वो दीपन उराँव वो नन्दलाल उराँव, पिता–नन्हकू उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व सुर्या उराँव, पिता–चोटना उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात तेतरी उराइन, पति–लक्ष्मन उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व ओली उराँव, पिता– साहिवू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व जगु उराँव वो करमा उराँव वो धरमा उराँव, पिता–भिखी उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व धौउस वो शितल उराँव, पिता–रतिया उराँव एक अंश समान, जाति– उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व बदरी उराँव, पिता–बिरसा उराँव | दुलारी देवी, पिता–श्यामनारायण उराँव अठारह अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात सुमित्री कुँवर वो मुस्मात रधुआ, पति–टीपू उराँव दो अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व रामचरन उराँव, पिता–टिपू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व एतवा उराँव वो दीपन उराँव वो नन्दलाल उराँव, पिता–नन्हकू उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व सुर्या उराँव, पिता–चोटना उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात तेतरी उराइन, पति–लक्ष्मन उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व ओली उराँव, पिता–साहिवू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व जगु उराँव वो करमा उराँव वो धरमा उराँव, पिता–भिखी उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व धौउस वो शितल उराँव, पिता–रतिया उराँव एक अंश समान, जाति– उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व बदरी उराँव, पिता–बिरसा उराँव | उत्तर– एतवा उरांव दक्षिण– निज |
| 48 | डडैया चादर–II | 37 | 1353 | धान दो | 0.44 | 0.44 | दुलारी देवी, पिता–श्यामनारायण उराँव अठारह अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात सुमित्री कुँवर वो मुस्मात रधुआ, पति–टीपू उराँव दो अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व रामचरन उराँव, पिता–टिपू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व एतवा उराँव वो दीपन उराँव वो नन्दलाल उराँव, पिता–नन्हकू उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व सुर्या उराँव, पिता–चोटना उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात तेतरी उराइन, पति–लक्ष्मन उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व ओली उराँव, पिता– साहिवू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व जगु उराँव वो करमा उराँव वो धरमा उराँव, पिता–भिखी उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व धौउस वो शितल उराँव, पिता–रतिया उराँव एक अंश समान, जाति– उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व बदरी उराँव, पिता–बिरसा उराँव | दुलारी देवी, पिता–श्यामनारायण उराँव अठारह अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात सुमित्री कुँवर वो मुस्मात रधुआ, पति–टीपू उराँव दो अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व रामचरन उराँव, पिता–टिपू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व एतवा उराँव वो दीपन उराँव वो नन्दलाल उराँव, पिता–नन्हकू उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व सुर्या उराँव, पिता–चोटना उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात तेतरी उराइन, पति–लक्ष्मन उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व ओली उराँव, पिता–साहिवू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व जगु उराँव वो करमा उराँव वो धरमा उराँव, पिता–भिखी उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व धौउस वो शितल उराँव, पिता–रतिया उराँव एक अंश समान, जाति– उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व बदरी उराँव, पिता–बिरसा उराँव | उत्तर– एतवा उरांव दक्षिण– निज |
| 49 | डडैया चादर–II | 40 | 1283 | टांड़ दो | 0.59 | 0.59 | बहादुर यादव वो नागेश्वर यादव, पिता–भतन यादव अंश समान, जाति–यादव, निवासी–निज ग्राम | बहादुर यादव वो नागेश्वर यादव, पिता–भतन यादव अंश समान, जाति–यादव, निवासी–निज ग्राम | उत्तर– दुखन गंझु दक्षिण– बढ़न यादव |
| 50 | डडैया चादर–II | 40 | 1287 | टांड़ दो | 1.80 | 1.80 | बहादुर यादव वो नागेश्वर यादव, पिता–भतन यादव अंश समान, जाति–यादव, निवासी–निज ग्राम | बहादुर यादव वो नागेश्वर यादव, पिता–भतन यादव अंश समान, जाति–यादव, निवासी–निज ग्राम | उत्तर– बढ़न महतो दक्षिण– गढ़ा |
| 51 | डडैया चादर–II | 40 | 1360 | टांड़ दो | 1.32 | 1.32 | बहादुर यादव वो नागेश्वर यादव, पिता–भतन यादव अंश समान, जाति–यादव, निवासी–निज ग्राम | बहादुर यादव वो नागेश्वर यादव, पिता–भतन यादव अंश समान, जाति–यादव, निवासी–निज ग्राम | उत्तर– तिवारी उरांव दक्षिण– बदरी उरांव |
| 52 | डडैया चादर–II | 41 | 1359 | टांड़ दो | 0.42 | 0.42 | बहादुर यादव वो नागेश्वर यादव, पिता–भतन यादव एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम व हरिलाल यादव, पिता–गनौरी यादव एक अंश, जाति–अहीर निवासी–निज ग्राम | बहादुर यादव वो नागेश्वर यादव, पिता–भतन यादव एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम व हरिलाल यादव, पिता–गनौरी यादव एक अंश, जाति–अहीर निवासी–निज ग्राम | उत्तर– धोन्जो उरांव दक्षिण– एतवा उरांव |
| 53 | डडैया चादर–II | 41 | 1397 | टांड़ दो नई परती | 0.22 | 0.22 | बहादुर यादव वो नागेश्वर यादव, पिता–भतन यादव एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम व हरिलाल यादव, पिता–गनौरी यादव एक अंश, जाति–अहीर निवासी–निज ग्राम | बहादुर यादव वो नागेश्वर यादव, पिता–भतन यादव एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम व हरिलाल यादव, पिता–गनौरी यादव एक अंश, जाति–अहीर निवासी–निज ग्राम | उत्तर– निज दक्षिण– पुरानी परती |
| 54 | डडैया चादर–II | 41 | 1398 | धान दो | 0.42 | 0.42 | बहादुर यादव वो नागेश्वर यादव, पिता–भतन यादव एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम व हरिलाल यादव, पिता–गनौरी यादव एक अंश, जाति–अहीर निवासी–निज ग्राम | बहादुर यादव वो नागेश्वर यादव, पिता–भतन यादव एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम व हरिलाल यादव, पिता–गनौरी यादव एक अंश, जाति–अहीर निवासी–निज ग्राम | उत्तर– शांति गाझिन दक्षिण– पुरानी परती |
| 55 | डडैया चादर–II | 41 | 1400 | धान दो | 0.08 | 0.08 | बहादुर यादव वो नागेश्वर यादव, पिता–भतन यादव एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम व हरिलाल यादव, पिता–गनौरी यादव एक अंश, जाति–अहीर निवासी–निज ग्राम | बहादुर यादव वो नागेश्वर यादव, पिता–भतन यादव एक अंश, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम व हरिलाल यादव, पिता–गनौरी यादव एक अंश, जाति–अहीर निवासी–निज ग्राम | उत्तर– निज दक्षिण– पुरानी परती |
| 56 | डडैया चादर–II | 45 | 1452 | टांड़ दो | 0.03 | 0.03 | विफाई सिंह वो वुधू सिंह, पिता–हरी सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व गजू सिंह, पिता–राजपति सिंह दो अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामसुन्दर सिंह, पिता देवनारायण सिंह एक अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामप्रताप सिंह वो भरत सिंह, पिता–गुलौची सिंह एक अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व वाल कुँवर उर्फ कँवर, पिता–श्रीदयाल सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम | विफाई सिंह वो वुधू सिंह, पिता–हरी सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व गजू सिंह, पिता–राजपति सिंह दो अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामसुन्दर सिंह, पिता देवनारायण सिंह एक अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामप्रताप सिंह वो भरत सिंह, पिता–गुलौची सिंह एक अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व वाल कुँवर उर्फ कँवर, पिता–श्रीदयाल सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम | उत्तर– रामसुंदरी सिंह दक्षिण– निज |
| 57 | डडैया चादर–II | 45 | 1453 (P) | धान दो | 0.15 | 0.15 | विफाई सिंह वो वुधू सिंह, पिता–हरी सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व गजू सिंह, पिता–राजपति सिंह दो अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामसुन्दर सिंह, पिता देवनारायण सिंह एक अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामप्रताप सिंह वो भरत सिंह, पिता–गुलौची सिंह एक अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व वाल कुँवर उर्फ कँवर, पिता–श्रीदयाल सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम | विफाई सिंह वो वुधू सिंह, पिता–हरी सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व गजू सिंह, पिता–राजपति सिंह दो अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामसुन्दर सिंह, पिता देवनारायण सिंह एक अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामप्रताप सिंह वो भरत सिंह, पिता–गुलौची सिंह एक अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व वाल कुँवर उर्फ कँवर, पिता–श्रीदयाल सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम | उत्तर– निज दक्षिण– निज |
| 58 | डडैया चादर–II | 45 | 1457 | टांड़ दो | 0.10 | 0.10 | विफाई सिंह वो वुधू सिंह, पिता–हरी सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व गजू सिंह, पिता–राजपति सिंह दो अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामसुन्दर सिंह, पिता देवनारायण सिंह एक अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामप्रताप सिंह वो भरत सिंह, पिता–गुलौची सिंह एक अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व वाल कुँवर उर्फ कँवर, पिता–श्रीदयाल सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम | विफाई सिंह वो वुधू सिंह, पिता–हरी सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व गजू सिंह, पिता–राजपति सिंह दो अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामसुन्दर सिंह, पिता देवनारायण सिंह एक अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामप्रताप सिंह वो भरत सिंह, पिता–गुलौची सिंह एक अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व वाल कुँवर उर्फ कँवर, पिता–श्रीदयाल सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम | उत्तर– निज दक्षिण– निज |
| 59 | डडैया चादर–II | 45 | 1458 | टांड़ दो | 1.54 | 1.54 | विफाई सिंह वो वुधू सिंह, पिता–हरी सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व गजू सिंह, पिता–राजपति सिंह दो अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामसुन्दर सिंह, पिता देवनारायण सिंह एक अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामप्रताप सिंह वो भरत सिंह, पिता–गुलौची सिंह एक अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व वाल कुँवर उर्फ कँवर, पिता–श्रीदयाल सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम | विफाई सिंह वो वुधू सिंह, पिता–हरी सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व गजू सिंह, पिता–राजपति सिंह दो अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामसुन्दर सिंह, पिता देवनारायण सिंह एक अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामप्रताप सिंह वो भरत सिंह, पिता–गुलौची सिंह एक अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व वाल कुँवर उर्फ कँवर, पिता–श्रीदयाल सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम | उत्तर– निज दक्षिण– निज |
| 60 | डडैया चादर–II | 45 | 1459 (P) | टांड़ दो | 0.14 | 0.14 | विफाई सिंह वो वुधू सिंह, पिता–हरी सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व गजू सिंह, पिता–राजपति सिंह दो अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामसुन्दर सिंह, पिता देवनारायण सिंह एक अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामप्रताप सिंह वो भरत सिंह, पिता–गुलौची सिंह एक अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व वाल कुँवर उर्फ कँवर, पिता–श्रीदयाल सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम | विफाई सिंह वो वुधू सिंह, पिता–हरी सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व गजू सिंह, पिता–राजपति सिंह दो अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामसुन्दर सिंह, पिता देवनारायण सिंह एक अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामप्रताप सिंह वो भरत सिंह, पिता–गुलौची सिंह एक अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व वाल कुँवर उर्फ कँवर, पिता–श्रीदयाल सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम | उत्तर– रामसुंदर सिंह दक्षिण– सिंह |
| 61 | डडैया चादर–II | 45 | 1463 | टांड़ दो | 0.17 | 0.17 | विफाई सिंह वो वुधू सिंह, पिता–हरी सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व गजू सिंह, पिता–राजपति सिंह दो अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामसुन्दर सिंह, पिता देवनारायण सिंह एक अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामप्रताप सिंह वो भरत सिंह, पिता–गुलौची सिंह एक अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व वाल कुँवर उर्फ कँवर, पिता–श्रीदयाल सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम | विफाई सिंह वो वुधू सिंह, पिता–हरी सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व गजू सिंह, पिता–राजपति सिंह दो अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामसुन्दर सिंह, पिता देवनारायण सिंह एक अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामप्रताप सिंह वो भरत सिंह, पिता–गुलौची सिंह एक अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व वाल कुँवर उर्फ कँवर, पिता–श्रीदयाल सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम | उत्तर– टेमाय गंझु दक्षिण– निज |
| 62 | डडैया चादर–II | 45 | 1473 | टांड़ दो नई परती | 0.18 | 0.18 | विफाई सिंह वो वुधू सिंह, पिता–हरी सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व गजू सिंह, पिता–राजपति सिंह दो अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामसुन्दर सिंह, पिता देवनारायण सिंह एक अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामप्रताप सिंह वो भरत सिंह, पिता–गुलौची सिंह एक अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व वाल कुँवर उर्फ कँवर, पिता–श्रीदयाल सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम | विफाई सिंह वो वुधू सिंह, पिता–हरी सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व गजू सिंह, पिता–राजपति सिंह दो अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामसुन्दर सिंह, पिता देवनारायण सिंह एक अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामप्रताप सिंह वो भरत सिंह, पिता–गुलौची सिंह एक अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व वाल कुँवर उर्फ कँवर, पिता–श्रीदयाल सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम | उत्तर– वन विभाग दक्षिण– दुखन गंझु |
| 63 | डडैया चादर–II | 45 | 1475 | टांड़ दो | 0.24 | 0.24 | विफाई सिंह वो वुधू सिंह, पिता–हरी सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व गजू सिंह, पिता–राजपति सिंह दो अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामसुन्दर सिंह, पिता देवनारायण सिंह एक अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामप्रताप सिंह वो भरत सिंह, पिता–गुलौची सिंह एक अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व वाल कुँवर उर्फ कँवर, पिता–श्रीदयाल सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम | विफाई सिंह वो वुधू सिंह, पिता–हरी सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व गजू सिंह, पिता–राजपति सिंह दो अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामसुन्दर सिंह, पिता देवनारायण सिंह एक अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामप्रताप सिंह वो भरत सिंह, पिता–गुलौची सिंह एक अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व वाल कुँवर उर्फ कँवर, पिता–श्रीदयाल सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम | उत्तर– निज दक्षिण– निज |
| 64 | डडैया चादर–II | 45 | 1477 | टांड़ दो | 0.07 | 0.07 | विफाई सिंह वो वुधू सिंह, पिता–हरी सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व गजू सिंह, पिता–राजपति सिंह दो अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामसुन्दर सिंह, पिता देवनारायण सिंह एक अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामप्रताप सिंह वो भरत सिंह, पिता–गुलौची सिंह एक अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व वाल कुँवर उर्फ कँवर, पिता–श्रीदयाल सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम | विफाई सिंह वो वुधू सिंह, पिता–हरी सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व गजू सिंह, पिता–राजपति सिंह दो अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामसुन्दर सिंह, पिता देवनारायण सिंह एक अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामप्रताप सिंह वो भरत सिंह, पिता–गुलौची सिंह एक अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व वाल कुँवर उर्फ कँवर, पिता–श्रीदयाल सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम | उत्तर– निज दक्षिण– रामसुंदर सिंह |
| 65 | डडैया चादर–II | 45 | 1482 | धान एक | 0.30 | 0.30 | विफाई सिंह वो वुधू सिंह, पिता–हरी सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व गजू सिंह, पिता–राजपति सिंह दो अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामसुन्दर सिंह, पिता देवनारायण सिंह एक अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामप्रताप सिंह वो भरत सिंह, पिता–गुलौची सिंह एक अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व वाल कुँवर उर्फ कँवर, पिता–श्रीदयाल सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम | विफाई सिंह वो वुधू सिंह, पिता–हरी सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व गजू सिंह, पिता–राजपति सिंह दो अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामसुन्दर सिंह, पिता देवनारायण सिंह एक अंश, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व रामप्रताप सिंह वो भरत सिंह, पिता–गुलौची सिंह एक अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम व वाल कुँवर उर्फ कँवर, पिता–श्रीदयाल सिंह चार अंश समान, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निज ग्राम | उत्तर– निज दक्षिण– जंगल |

PR 343261 Land Reforms (24-25)_D

ह0/– उपायुक्त, लातेहार

## खलारी पुलिस ने डंपर में आगजनी की घटना में शामिल एक अपराधी को किया गिरफ्तार



खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी पुलिस ने तीन हाईवा डंपर गाड़ी जलाने की घटना में शामिल एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार की अपराधी के पास से एक देसी कट्टा, दो जिंदा गोली और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। पकड़ा गया अपराधी बंटी कुमार खलारी थाना क्षेत्र के गुलजार बाग का रहने वाला है। इसको लेकर खलारी डीएसपी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर डीएसपी राम नारायण चौधरी ने बताया कि पिछले कुछ महीनो से खलारी और पिपरवार के इलाके मे गिरोह के द्वारा कई आगजनी, फायरिंग और मजदूरों के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया जा रहा था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए खलारी पुलिस के द्वारा लगातार टीम बनाकर छापेमारी की जा रही थी। इसी के क्रम में खलारी में आलोक गिरोह का एक सदस्य को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधी ने निर्मल चौक पर तीन हाईवा जलाने की घटना, पिपरवार में एक हाईवा जलाने में आग लगाने की घटना में अपनी संलिप्ता स्वीकार की है। छापेमारी टीम में डीएसपी राम नारायण चौधरी, खलारी थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक देव कुमार दास सहित कई पुलिस जवान शामिल थे।

## सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता रथ को किया रवाना



खूंटी (आजाद सिपाही)। डायन प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन और झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लिए आमजनों को जागरूक करने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा विशेष जागरूकता रथ का शुभारंभ किया गया। उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम ने मंगलवार को समाहरणालय परिसर से इस जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक आईटीडीए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बताया गया कि यह जागरूकता रथ खूंटी जिले के विभिन्न प्रखंडों का भ्रमण कर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को डायन प्रथा जैसी अमानवीय प्रथाओं के खिलाफ जागरूक करेगा। जिससे समाज में डायन प्रथा जैसे मामलों को जड़ से समाप्त किया जा सके। साथ ही सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के अंतर्गत किशोरियों को शिक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए दिये जाने वाले 40 हजार रुपये तक की आर्थिक लाभ की भी जानकारी आमजनों को देगा। जिससे योग्य लाभुक जागरूक होकर योजना का लाभ ले सके।

## खेत में गिरकर रात भर पड़ा रहा, ठंड से हुई मौत

खूंटी (आजाद सिपाही)। शहर की खूंटी टोली बस्ती स्थित एक खेत से खूंटी थाना की पुलिस ने मंगलवार को एक व्यक्ति का शव बरामद किया। शव की पहचान खूंटी टोली बस्ती में ही एक किराये के मकान में रहने वाले सुरेंद्र प्रधान 46 वर्षीय के रूप में हुई है। इस संबंध में मृतक की पत्नी निशा देवी ने बताया कि सुरेंद्र सोमवार की रात नौ बजे खाना खाने के बाद आवास से बाहर निकला था। काफी देर बाद तक जब वह वापस नहीं लौटाये तो उसकी खोजबीन की गयी, लेकिन रात में उसका कुछ पता नहीं चला। मंगलवार सुबह मोहल्ले की कुछ महिलाओं से खेत में एक व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंची और शव की पहचान की। बाद में इसकी सूचना खूंटी थाना की पुलिस को दी गयी। संभावना व्यक्त की जा रही है कि रात में उसने शराब का सेवन किया होगा और नशे की हालत में वह खेत में गिर गया जहां रात भर पड़े रहने के कारण ठंड से उसकी मौत हो गयी। बताया गया कि मूल रूप से सिमडेगा जिले का रहने वाला था और खूंटी टोली में एक किराये के मकान में अपनी पत्नी और बच्चे के साथ रहकर खूंटी में मजदूरी का काम करता था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे स्वजनों को सौंप दिया।

## सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में समावेशी विकास संभव : कुमार दीप एक्का



खूंटी (आजाद सिपाही)। ग्रामीण विकास और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से सहकारिता को सशक्त बनाने के लिए सहकार से समृद्धि की अवधारणा पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को सहायक निबंधक सहयोग समितियांए खूंटी अंचल कार्यालय सभागार में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन सहायक निबंधक कुमार दीप एक्का ने किया। उन्होंने सहकारिता के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में समावेशी विकास संभव है। इस अवसर पर शिवानीए डीडीएमए नाबार्ड खूंटीए और एलेन एक्को सीनियर मैनेजरए एनडीडीबी रांची ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यशाला में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गयी। लैम्पस पैक्स का आधुनिकीकरण और डिजिटलीकरणए दुग्ध उत्पादक और मत्स्यजीवी सहयोग समितियों का गठनये सहकारिता को व्यावसायिक मॉडल के रूप में विकसित करने की रणनीति ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सहकारिता की भूमिका समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। कार्यक्रम में खंटी अंचल के सभी लैम्पस अध्यक्ष सचिव सहकारिता प्रसार पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

## सोनाहातू में हाथियों के आतंक से ग्रामीण परेशान



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। सोनाहातू प्रखंड क्षेत्र में इन हाथियों का आतंक चरम पर पहुंच गया है। जिससे किसान काफी परेशान है कभी रात को फसल बर्बाद करते हैं तो कभी किसी इंसान को कुचल देते हैं। किन्हीं रात को किसी गरीब के आशियाना को उजाड़ देते हैं। अभी तक हाथियों का आतंक का सामाधान वन विभाग नहीं ढूंढ पाई है। कब तक गरीब किसानों की फसल बर्बाद होते रहेगी। ऐसे ही कुछ मामला प्रतिदिन देखने को मिला रहा है, रात्रि को हाथियों का झुंड गांव में घुस जाता है। जिससे ग्रामीण भयभीत और दहशत में रह रहे हैं, हाथियों का झुंड ने जामुदाग पंचायत के मगनडीह और हेसाहातु गांव में जमकर उत्पाद मचाया। जिससे किसानों के खेत में लगे फसल को बर्बाद कर दिया। किसान फागु राम महतो, बलाई अहीर, डोमनी देवी, तिलक महतो, सायनाथ अहीर, देवेंद्र नाथ महतो, पूर्णिमा देवी, धनेश्वर कोईरी, बुद्धेश्वर मेहता, धनु कोईरी, गिरधर महतो के फसल को नष्ट कर दिया। इधर घटना की सूचना मिलने पर जामुदाग पंचायत समिति रूप कुमार साहू मौके पर पहुंचे और फसल बीमा राहत दिलाने हेतु आश्वासन दिया।

# खूंटी-रांची फोरलेन और बाइपास का निर्माण शीघ्र शुरू होगा, भूमि अधिग्रहण करने का इश्तेहार जारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** खूंटी शहर वासियों नये वर्ष में बाइपास सड़क की सौगात मिल सकती है। सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण संबंधी अधिसूचना जारी किये जाने के बाद सड़क निर्माण की उम्मीद बढ़ गयी है कि अब वर्षों पुरानी उनकी मांग अब पूरी होनेवाली है। नये साल के पहले सप्ताह से भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी जायेगी। ज्ञात हो तत्कालीन केंद्रीय मंत्री और खूंटी के पूर्व सांसद अर्जुन मुंडा के प्रयास से बाइपास सड़क के निर्माण कार्य का शिलांयास केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और तत्कालीन केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने 10 मार्च 2024 को किया था, लेकिन लोकसभा और बाद में विधानसभा चुनाव के कारण बाइपास सड़क निर्माण कार्य की प्रगति रुक गयी थी। अब जिला प्रशासन द्वारा भूमि अधिग्रहण को लेकर रैयतों की बैठक आयोजित करने संबंधी अधिसूचना जारी किये जाने के बाद लोगों को उम्मीद है कि इस कार्य में तेजी आयेगी। रैयतों की बैठक छह से 27 जनवरी तक अलग अलग गांवों में आयोजित की जायेगी। ज्ञात हो कि बाइपास स्ड़क के निर्माण के लिए खूंटी जिले के डुंगरा, कालामाटी, फुंदी, जियारप्पा, कानाडीह, हुटार, बिरहू, जमुआदाग, एरेंडा, बगड़, सोसोटोली, बेलवादाग, कुंजला, डुलुवा, इट्टे, पोकला और कुंदी बरटोली गांव के रैयतों की जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। खूंटी और मुरहू प्रखंड के 17 गांवों से होकर बाइपस सड़क गुजरेगी। ज्ञात हो कि तुपुदाना से जयंतगढ़ तक फोरलेन सड़क निर्माण के तहत ही खूंटी बाइपास स्ड़क का निर्माण किया जाना है। केंद्र सरकार से सड़क निर्माण की मंजूरी मिल चुकी और पैसे का आवंटन भी हो गया है, लेकिन भूमि अधिग्रहण को लेकर मामला अटका हुआ है। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू होने पर लोगों में बाइपास सड़क लेकर नयी उम्मीद जगी है, लेकिन लोग इस बात को लेकर भी आशंकित हैं कि कहीं इसका भी हश्र नॉलेज सिटी सहित अन्य योजनाओं की तरह न हो जाये। जब तक योजना पर काम शुरू नहीं हो जाता तब तक लोगों में संशय बना रहेगा। ज्ञात हो कि बाइपास सड़क के नहीं होने से खूंटी शहर के लोगो को हर दिन गंभीर जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

## सिंगपुर काटांडीह में साल के अंतिम दिन अलविदा मेला का आयोजन



मुरी (आजाद सिपाही)। सिंगपुर काटांडीह में मंगलवार को साल के अंतिम दिन अलविदा मेला का आयोजन किया गया। यह मेला काफी आकर्षक रहा। मेले में पाता नाच, मुर्गा लड़ाई आकर्षक का केंद्र बना रहा। ग्रामीण अलविदा मेला का काफी लुफ्त उठाया। पाता नाच में लखिदास लोहरा के द्वारा कुड़माली गीतों पर लोग झुमते रहे। बंगाल से भी एक से बढ़कर एक कलाकार आये। मेले में काफी भीड़ जमी रही। मेले को सफल बनाने में शिशुपाल महतो, गणेश महतो, मोहम्मद फारुख, समेत कमेटी का सरहानिय योगदान रहा।

# नव वर्ष में सकारात्मक सोच के साथ सपनों को दें नयी उड़ान : सकलदीप

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटरए मुरहू में मंगलवार को संकल्प दिवस मनाया गया। मौके पर कोचिंग सेंटर के निदेशक सकलदीप भगत ने छात्र-छात्राओं को संकल्प दिवस के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए कहा कि आज का दिन वर्ष का अंतिम दिन है। आज हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि पिछले वर्ष की बुरी यादों आदतों को भूलकर नये जोश उत्साह और सकारात्मक विचारों के साथ नये वर्ष की शुरूआत करेंगे। उन्होंने कहा सकारात्मक सोच के साथ अपने माता-पिता के सपनों को नयी उड़ान देने के लिए हमेशा अग्रसर रहें। समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान देकर आगामी परीक्षाओं की तैयारी जारी रखें। नव वर्ष में अच्छी आदतों को आत्मसात कर अपने परिवार एसमाज और देश का नाम रोशन करने में कोई कसर नहीं छोड़ें। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा हम सबों को ईश्वर को धन्यवाद भी देना चाहिएए जिन्होंने हमें और हमारे परिवार को सुरक्षित रखा। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र छात्राओं ने एक दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और एक स्वर में बुरी आदतों का त्याग कर बेहतर प्रदर्शन का संकल्प लिया। मौके पर शिक्षिका रिया, कशिश, पीहू, वरिशा, सिमरन आदि मौजूद थे।

# बेंती में जिला विधिक सेवा प्राधिकार जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती गांव में मंगलवार को चतरा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव के निर्देश पर टंडवा प्रखण्ड के पीएलभी शिव कुमार के नेतृत्व में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में उपस्थित लोगों को लोक अदालत, महिला हिंसा, बाल विवाह, डायन प्रताड़ना, दहेज प्रथा, बाल मजदूरी के बारे में विस्तार से कानूनी जानकारी दी गयी। साथ ही डालसा के टोल फ्री हेल्पलाईन नम्बर 15100 के बारे मे जानकारी दी गयी। इस संबंध में पीएलभी शिव कुमार ने बताया कि चतरा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव के निर्देश पर पिपरवार के बेंती गांव में साप्ताहिक कार्य दिवस पर 90 दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायत के लोगों को कई प्रकार की कानूनी जानकारी दी गयी, साथ ही उन्हें कानूनी जानकारी के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को कानूनी जानकारी के प्रति जागरूक करना है। इस मौके पर मुख्य रूप से सुनील केशरी, अभय कुमार, मुकेश गंझू,रवि भुइयां, विश्वनाथ गंझू सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

# जयराम के निर्देशानुसार जनता दरबार लगा कर समस्या का समाधान किया जायेगा : देवेंद्र नाथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिल्ली।** जेएलकेएम सिल्ली विधान सभा के कार्यकर्ता सतीघाट त्रिसंगम महातीर्थस्थल में वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया। मौके पर बीते वर्ष किये गये कार्य का समीक्षा किया और आने वर्ष का कार्य योजना तैयार किया गया। मौके पर केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि पार्टी सुप्रीमो टाईगर जयराम महतो के निदेर्शानुसार हरेक प्रखंड में साप्ताहिक जनता दरबार लगाकर जनता के समस्या का समाधान किया जायेगा। साथ सिल्ली विधान सभा क्षेत्र में किसी भी प्रकार का नियम के विरुद्ध काम होने नहीं दिया जायेगा। संगठन को मजबूत करने और जनता के हर दुःख सुख को अपना सुख दुःख समझते हुए साथ देने का प्राण लिया गया। मौके पर रांची जिला, सिल्ली प्रखंड, राहे प्रखंड, सोनाहातु प्रखंड के अधिकारी उपस्थित हुए। पदाधिकारी पार्वती देवी, राजकिशोर महतो, बिमल महतो, मोहरी देवी, अनीता देवी, रणजीत महतो, गंगा महली, आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में हुई ग्रामसभा

बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू अंचल स्थित रेलाडीह खूंटखट्टी राजस्व गांव में ग्राम प्रधान जगदीश प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में ग्राम सभा हुई। ग्राम सभा में सर्वसम्मति से कई प्रस्ताव पारित किया गया, बुंडू- बंता पी डब्ल्यू डी पथ पर रेलाडीह में प्रस्तावित बाइपास रोड निर्माण कार्य का विरोध करने का निर्णय लिया गया। वर्षों से निर्मित पी डब्ल्यू डी पथ को ही चौड़ीकरण कर सुगम बनाने का निर्णय लिया गया। आमसभा में अलग-अलग प्रस्ताव पारित कर बुंडू एसडीएम के माध्यम से उपायुक्त रांची और विधायक को आवेदन देकर ग्राम सभा के निर्णय से अवगत कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में मानकी शशांक शेखर, दिवाकर मुंडा, दिलीप साहू, सोहराय मुंडा, जीवनलाल, चंद्र देव मुंडा, मदन महतो, महावीर मनोरंजन महतो आदि सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष रैयत उपस्थित थे।

## नये थानेदार यशवंत ने पदभार ग्रहण किया



राहे (आजाद सिपाही)। राहे थाना में नये थानेदार के रूप में यशवंत कुमार सिंह ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किये। इस अवसर पर इन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण के साथ लोगों का विश्वास कायम रखना प्राथमिकता होगी। पुराने थानेदार फैज रब्बानी का स्थानांतरण जगन्नाथपुर थाना में हुआ है। नये थानेदार पुलिस लाइन से राहे थाना आये हैं।

## सोनाहातू में बाइक की भिड़ंत, दो युवक घायल

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। सोनाहातू थाना क्षेत्र के चोगा मोड़ के समीप दो बाईक की आपस में भिड़ंत हो गयी। जिसमें दोनों बाइक के युवक गंभीर रूप से घायल हो गये घायलों को स्थानीय ग्रामीण की मदद से सोनाहातु अस्पताल लाया गया। जहां उसकी चिकित्सा डॉक्टर सौरभ कुमार के देखरेख में करने के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि राहे थाना क्षेत्र के आम्बाझरीया निवासी धनंजय सिंह मुंडा अपना दीदी घर आया हुआ था, जबकि बिरगाम निवासी अरविंद कुमार महतो सोनाहातु बाजार से लौट रहे थे। इसी बीच चोगा मोड़ के समीप दुर्घटना घटी।

# पिपरवार में सड़क दुर्घटना में सीसीएल कर्मचारी की हुई मौत

**श्रमिक प्रतिनिधियों के प्रयास से मृतक के आश्रित को मिला नियुक्ति पत्र**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक सीसीएल कर्मचारी की मौत होने की सूचना प्रकाश मे आया है। जानकारी के अनुसार बीती रात्री राय कोलियरी-बचरा मुख्य मार्ग पर सड़क दुर्धटना मे सीसीएल कर्मचारी की मौत हो गयी। मृतक सीसीएल कर्मचारियों की पहचान 54 वर्षीय भुवनेश्वर महतो के रूप मे की गयी है। वह मूलरूप से बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के अंतर्गत कथारा एरिया का रहने वाला बताया गया है। वर्तमान मे मृतक सीसीएल कर्मचारी अपने परिवार के साथ पिपरवार थाना क्षेत्र के 122 कॉलोनी मे रहकर अशोक परियोजना के पिपरवार यूनिट में पंप ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे। घटना के संबंध मे बताया गया कि मृतक सीसीएल कर्मचारी भुवनेश्वर महतो सोमवार की रात रात्रि पाली ड्यूटी के लिए अपने बाइक जेएच 01ऐभी-5951 से ड्यूटी के लिए जा रहा था, इसी दौरान खलारी थाना क्षेत्र के भेलवाटांड़ चौक से पूर्व राय कोलियरी-बचरा मुख्य मार्ग पर सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। इसकी जानकारी सुबह में मिलने पर स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें बचरा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की सूचना पाकर पिपरवार एवं खलारी पुलिस अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी ली। वहीं सूचना पाकर कई सीसीएल अधिकारी और श्रमिक प्रतिनिधि भी अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली। घटना के बाद उपस्थित श्रमिक प्रतिनिधियों ने मृतक के आश्रित को नौकरी देने की मांग की। मृतक के दो पुत्र,एक पुत्री और एक पत्नी का रो रोकर बुरा हाल है। इस मौके पर पिपरवार थाना के अवर निरीक्षक अभिमन्यु कुमार, एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर हेमचंद महतो, कार्मिक प्रबंधक मिथिलेश कुमार,अरुण दर्शन गंझु सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## कोयलांचल में नववर्ष के स्वागत को लेकर तैयारी पूरी

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में नववर्ष 2025 के स्वागत को लेकर सारी तैयारी लगभग पूरी कर ली गयी है। कोयलांचल क्षेत्र के तिरू जलप्रपात, दामोदर नदी, सपही नदी, गहरी नदी, चंदन गुफा धाम, सदाबह, इक्को पार्क सहित अन्य नदियों और पिकनिक स्पॉटों पर आज लोग नये साल के आगमन पर पिकनिक मनाने के लिए जुटेंगे। पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र के सभी पिकनिक स्पॉटों पर सुरक्षा का पुख्ता इंतेजाम किया गया है। उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में नववर्ष मनाने की अपील की है।

## एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू लैंपस के प्रांगण में सिद्धों कान्हो कृषि और वनोंपज राज्य सहकारी संघ सह लाह की खेती हेतु एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिडको फेड के सचिव राकेश कुमार सिंह के अलावे सैकड़ो की संख्या में किसान मौजूद थे। किसानों को लाह की वैज्ञानिक पद्धति से खेती की जानकारी दी गयी। लैंम्पस से जुड़कर सिडको फेड की योजनाओं का लाभ ले लाह की खेती राज्य के किसानों के लिए नगदी फसल साबित होगा। लाह का बाजार में काफी अच्छा दर है लाह की खेती से पेड़ पौधों की संख्या बढ़ती है रासायनिक उर्वरक का प्रयोग नहीं होता है और कम मेहनत में अधिक मुनाफा मिलता है।

## ट्रक के पलट जाने से मची अफरा-तफरी

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। सोनाहातू थाना क्षेत्र में ट्रक पलटने से अफरातफरी मच गयी। बिरदीदीरी चौक के पास अनियंत्रित होकर ट्रक के पलटने से यातायात बाधित हुआ। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस ने ट्रक को हटाने के लिए क्रेन की मदद ली और यातायात को सामान्य किया।

# जिला प्रशासन ने की गैस एजेंसियों की जांच

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर और मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक रांची एलपीजी क्षेत्रीय कार्यालयए हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अनुरोध पत्र के आधार पर जिले में विभिन्न एलपीजी गैस एजेंसियों की जांच के लिए एक विशेष दल का गठन किया गया। इस दल में मुख्य रूप से कार्यपालक दंडाधिकारीये जिला आपूर्ति पदाधिकारीए और कृषि उत्पादन बाजार समितिए खूंटी को रखा गया। जांच दल द्वारा मंगलवार को मुरहू प्रखंड के अंतर्गत जय नारायण भारत गैस ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी की जांच की गयी। इस दौरान एजेंसी के कार्यों और उपयोग की वैधता की विस्तृत समीक्षा की गयी। जांच अभियान का मुख्य उद्देश्य घरेलू एलपीजी सिलेंडर के डाइवर्जन स्थानांतरण और अवैध उपयोग को रोकना है। अधिकारियों ने बताया कि निकट भविष्य में जिले के अन्य प्रखंडों में स्थित गैस एजेंसियों बाजारों की विभिन्न दुकानों होटलों और रेस्टोरेंट्स की भी जांच की जायेगी। यह अभियान यह सुनिश्चित करने के लिए चलाया जा रहा है कि एलपीजी सिलेंडर का उपयोग केवल निर्धारित मानकों और उद्देश्यों के अनुसार हो।

## पुलिस ने चलाया बाइक चेकिंग अभियान



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। सोनाहातू थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि नियमों की अनदेखी के कारण लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। बिना हेलमेट पहने घर से नहीं निकले पुलिस के भय से नहीं बल्कि अपने जीवन की रक्षा के लिए हेलमेट जरूर पहने। पुलिस ने दो पहिया वाहनों को डिक्की खोलकर भी चेक किया और अन्य कागजात लाइसेंस हेलमेट नहीं रहने वाले को खड़ा किया गया। थाना प्रभारी चंदन कुमार ने हिदायत देकर छोड़ दिया और कहां की भविष्य में यातायात नियमों को अनदेखा करने पर कानूनी कार्रवाई भी की जायेगी।

## सड़क दुर्घटना में दो सगे भाई घायल





बेड़ो (आजाद सिपाही)। इटकी थाना क्षेत्र के रांची गुमला मुख्य मार्ग पर इटकी पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार की रात लगभग नौ बजे अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार दो सगे भाई जख्मी हो गये। घायलों में इटकी गड़गांव गांव निवासी 30 वर्षीय मंगा पहान 28 वर्षीय अंगनु पहान पिता सुका पहान है। दोनों घायलों को इलाज के लिए हाईवे एंबुलेंस 1033 से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया गया। जहां डॉ भावना की देखरेख में इलाज किया गया। घायल अंगनु ने बताया कि वे दोनों भाई रांची से काम करके बाइक से अपने घर आ रहे थे। तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया।

### अनगड़ा भाजपा मंडल ने 200 जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किये

# राज्य सरकार गरमी में बांटेगी कंबल : डॉ प्रदीप

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** अनगड़ा भाजपा मंडल की ओर से मंगलवार को गेतलसूद में दो सौ जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। चल रही शीतलहरी को देखते हुए भाजपा ने गेतलसूद शक्ति केंद्र के जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण हुआ। वितरण समारोह के मुख्य अतिथि राज्य सभा सदस्य डॉ प्रदीप वर्मा, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा और भाजपा जिलाध्यक्ष विनय महतो धीरज थे। कंबल की व्यवस्था भाजपा के पूर्व रांची जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने किया। जैलेंद्र कुमार ने बताया कि सुशासन दिवस के मौके पर कंबल का वितरण किया गया। कंबल वितरण के साथ ही दो सौ से अधिक जरूरतमंदों को सुरूचि भोज कराया गया। डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि समय पर जरूरतमंदों को कंबल मिले ऐसा प्रयास करना चाहिए। लेकिन झारखंड सरकार अभी तक कंबल का वितरण नही किया है। लगता है गरमी में राज्य सरकार कंबल का वितरण करेगी। झारखंड सरकार गरीबों के प्रति पूरी तरह से उदासीन हो गयी है। विनय महतो ने कहा कि भाजपा अपने सामाजिक दायित्वों के प्रति सजग है। इसी उद्देश्य के तहत जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। जैलेंद्र कुमार ने बताया कि गेतलसूद से शुरू हुआ कंबल वितरण अभियान आसपास के पंचायतों में भी चलाया जायेगा। जरूरतमंदों को सूचीबद्ध कर इनके बीच कंबल का वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर गेतलसूद उपमुखिया शंकर बैठा, रामसाय मुंडा, कामेश्वर महतो, संतोष महतो, गौरीशंकर मुंडा, बिनोद चौधरी, देवानंद पंडित, विमल नायक, गौरीशंकर मुंडा, शिकारी महतो, मंतोष महतो आदि उपस्थित थे।



जरूरतमंद लोगों को कंबल देते राज्य सभा सदस्य डॉ प्रदीप वर्मा, भाजपा के पूर्व रांची जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार और अन्य।

# अवैध पिस्टल के साथ अपराधी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**चान्हो।** चान्हो पुलिस ने सोमवार को गुप्त सूचना के आधर पर थाना क्षेत्र के ही झिबरी मोड़ के निकट से एक अपराध कर्मी को अवैध देशी पिस्टल सहित चोरी की एक मोटरसाइकिल के साथ धरदबोचने में सफलता मिली है। पकड़ा गया अपराधी अब्बास आलम लोहरदगा जिला के कुडू थाना क्षेत्र के पंडरी गांव का रहने वाला है। थाना प्रभारी चंदन गुप्ता ने बताया कि एसएसपी रांची को गुप्त सूचना मिली थी कि झबरी मोड़ के निकट कुछ अपराधी कर्मी अपराध की योजना बना रहे है। इसके बाद वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों को धर पकड़ के लिए खलारी डीएसपी विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। जब पुलिस पुलिस झिबरी मोड़ पहुची तो देखा एक युवक संदिग्ध अवस्था मे घूम रहा है। उसने पुलिस को देख कर भागने तब पुलिस खदेड़ कर युक्त युवक को पकड़ा, जबकि उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठा कर भाग निकला। जब पुलिस ने पकड़े गये युवक की तलाशी ली, तो उसके कमर में घोंस कर रखे गये एक छः राउंड का अवैध देशी पिस्टल बरामद किया गया, साथ ही चोरी का एक मोटरसाइकिल भी उसके पास से मिला। इस छापामारी दल में खलारी डीएसपी, चान्हो थाना प्रभारी सहित शस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस पकड़े गये अभियुक्त अब्बास आलम से पूछताछ कर रही है। साथ ही फरार उसके साथी की गिरफ्तारी हेतु संभवित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।



# राज्यसभा सांसद ने महिलाओं के बीच सिलाई मशीन और गरीबों के बीच कंबल वितरित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** सीसीएल सीएसआर मद से प्रदेश उपाध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू के द्वारा ओरमांझी प्रखंड के विभिन्न गांव में कौशल विकास को बढ़ावा देने हेतु प्रखंड कार्यालय में महिला समिति समूह के दीदियों के बीच सिलाई मशीन का वितरण किया गया। चकला मुन्ना पतरा कॉलोनी में गरीब वृद्धों के बीच कंबल वितरण किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता अमरनाथ चौधरी, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि मानकी राजेंद्र शाही, प्रखंड विकास पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया, महामंत्री अलखनाथ महतो, दिलीप मेहता, शशि मेहता, राजेश गुप्ता, राजकिशोर साहू, राजधाम साहू, अरबिंद महतो, रोहन बर्मन, धनंजय महतो, प्रदीप राणा, रामधन करमाली जे एस एल पी एस के दीदी मौसमी देवी आदि उपस्थित थे।



राज्य सभा सांसद गरीबों के बीच कंबल वितरण करते हुए।

## समाजसेवी विनोद सिंह ने ठंड से ठिठुरते जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल



नामकुम (आजाद सिपाही)। कड़ाके की ठंड में गरीब और असहायों की मदद के लिए समाजसेवी विनोद सिंह ने एक प्रेरणादायक पहल की है। जय माता दी क्लब दुर्गा पूजा समिति नामकुम के अध्यक्ष सह समाजसेवी विनोद सिंह ने मंगलवार को नामकुम रेलवे स्टेशन व सड़कों के किनारे ठंड से जूझ रहे जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किये। सुबह के समय कंपकंपा देने वाली ठंड में असहायों के बीच पहुंचकर कंबल बांटना न केवल एक साहसिक कदम है, बल्कि मानवता की मिसाल भी है। विनोद सिंह ने कहा कि जरूरतमंदों और असहायों की मदद करना उनके जीवन का लक्ष्य है। उन्होंने यह भी बताया कि वे पिछले 8 वर्षों से इस कार्य को कर रहे हैं और आगे भी इसे जारी रखेंगे। कहा कि मैंने यह संकल्प लिया है कि जहां तक संभव हो, गरीबों और असहायों को ठंड से बचाने का प्रयास करूंगा। इसलिए मैं सार्वजनिक स्थलों पर जाकर जरूरतमंदों को गर्म कपड़े और कंबल बांट रहा हूं। उनकी इस सेवा भावना ने न केवल असहायों को राहत दी है, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी दिया है। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोग भी इस कार्य की सराहना करते नजर आये।

# इटकी में विभिन्न घटनाओं में 24 लोगों ने जान गंवायी, वर्ष 2024 में 78 मामले दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** इटकी थाना क्षेत्र में पानी में डुबकर पांच बच्चे सहित विभिन्न घटनाओं में अबतक 24 लोगों ने जान गंवायी है, जबकि वर्ष 2024 में 78 मामला दर्ज की गयी है। वहीं पुलिस ने 28 अभियुक्तों को जेल भेज चुकी है। पुलिस की तत्परता के कारण बीते वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं में भारी कमी आयी है। पलमा गांव के निकट अज्ञात अपराधियों ने मात्र एक लूट की घटना को अंजाम दिया। जबकि चोरी के तीन और बलत्कार के दो घटना घटी। क्षेत्र में छिनतैइ, लेबी, हत्या, डकैती जैसी एक भी संगीन अपराधिक घटनाऐं नहीं घटी। हलांकि सेमरा गांव के तलाब में एक साथ तीन बच्चे और बघिया टोली के एक गड्ढे में डुबकर दो बच्चों की मौत की घटना ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। पानी में डूबकर पांच बच्चों की मौत की घटना क्षेत्र में काफी चर्चित रहा। इन घटनाओं में 17 जून को सेमरा गांव स्थित एक तलाब में डुबकर प्रिंस तिग्गा, हर्षित महली, और रविंद्र महली की मौत हो गयी थी, वहीं बघिया टोली में 29 जुलाई को नेहा उराईन और ज्योति उराईन नामक दो बच्चियों एक गड्ढे में डुब जाने से जान चली गयी। सात जुलाई को रानीडीह मौजा के निकट एक नबालिक आदिवासी युवती के साथ तीन के अलावे अन्य लोगों ने सामुहिक बलत्कार की घटना को अंजाम दिया। अबतक विभिन्न सड़क दुर्घटना में 8 लोगों ने जान गंवायी है। फांसी लगाकर दो लोगों ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली जबकि आग से जलने दो और सांप के काटने दो लोगों की मौत हो गयी। वहीं ठनका से एक बिजली करंट से एक और साईकिल से गिर कर एक की मौत हो चुकी है, जबकि कुआं और नदी में डुब जाने एक एक की जान चली गयी। प्रखंड के किसानों के लिए वर्ष 2023 के अपेक्षा 2024 काफी अच्छा लाभकारी रहा। अनुकूल मौसम होने के कारण खेती की उपज बेहतर रहा। धान की फसल उपज रेकाडतोड़ रहा। वही सब्जी फसल की किमत अच्छी रहने से किसानों ने जमकर कमाई की। दोहरी मुनाफा से किसान काफी खुश नजर आ रहे है। प्रखंड के नागरिक सभी हादसों को भुलकर नये वर्ष के स्वागत के तैयारी में जोरदार तरीके से जुट गये है।

# भाजपा नेता मोती बड़ाइक के बड़े भाई बंदी सिंह बड़ाइक का निधन

**परिजनों से मिले सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह**

नामकुम (आजाद सिपाही)। भाजपा खिजरी मंडल के वरिष्ठ नेता मोती सिंह बड़ाईक के बड़े भाई बंदी सिंह बड़ाईक (80 वर्ष) का निधन रविवार को हो गया। इस दुखद अवसर पर खिजरी विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह ने उनके आवास पर जाकर शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की और संवेदनाएं व्यक्त की। बंदी सिंह मुंडा पिछले कुछ महीनों से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज नामकुम प्रखंड के सोदाग पंचायत अंतर्गत बंडा गांव स्थित उनके घर पर ही चल रहा था। बीते रविवार को उन्होंने अपने घर में अंतिम सांस ली। सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह ने मंगलवार को मृतक के पुत्र दुर्गा सिंह बड़ाईक से मुलाकात की और अन्य परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस कठिन समय में वे परिवार के साथ है। इस दौरान गोरखनाथ सिंह, तुलसी गोप, राजीव रंजन समेत कई स्थानीय लोग और परिजन उपस्थित थे।



## नव वर्ष के आगमन पर पिकनिक स्पॉट सैलानियों के स्वागत के लिए सज धज कर तैयार





लापुंग (आजाद सिपाही)। इस वर्ष का अंतिम दिन लोग कहीं खुशी कही गम में यह वर्ष बीता। बारह बजे रात से नव वर्ष का आगमन पटाखे की धूम धड़ाके से होगा। आज साल के अंतिम दिन 09-10 सेमी तापमान रहा, लेकिन अभी तक लापुंग में अलाव की व्यवस्था नहीं किया गया। लापुंग मुख्यालय बिरसा चौक और थाना चौक में कड़ाके की ठंड में भी गरीब और राहगीरों को ठंड से राहत के लिए अलाव की व्यवस्था प्रखंड के पदाधिकारी न जन प्रतिनिधि ही इसकी व्यवस्था किये। लापुंग के अलावे सापुकेरा, महुगाव, हुलसु, मालगो, दाड़ी, ककरिया, देवगांव, लातरातु, दोलाईचा, बोकारंदा, दानेकेरा पंचायत में कही भी ठंड से बचने के लिए अलाव की व्यवस्था इन पंचायत के मुखिया ने अभी तक नहीं कराया। पछुवा हवा बहने से ठंड में इजाफा हुआ है। कड़ाके की ठंड के बीच 2024 वर्ष का अलविदा हुआ, और बुधवार से नव वर्ष प्रारंभ होगा व पिकनिक स्पॉट सज कर सैलानियों को अपनी घघारी धाम, लातरातु डेम, साईं मंदिर, पाबीरा का बनखंडी धाम लोगों को अपनी और आकृष्ट कर रहा है।

# विदाई समारोह का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी अंचल कार्यालय में मंगलवार को अंचल में कार्यरत राजस्व निरीक्षक सत्येंद्र सिन्हा के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित अंचलाधिकारी राजेश कुमार नगड़ी प्रखंड के उपप्रमुख अफसाना प्रवीण ने संयुक्त रूप से उन्हें बुके देकर और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर उपस्थित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने कहा कि हर प्रशासनिक अधिकारी के जीवन में यह पल दिन एक आता है, लेकिन वह अपने कार्यों से हमेशा याद किये जाते हैं। उन्होंने राजस्व निरीक्षक सत्येंद्र सिन्हा को उसके उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी। मौके पर अंचल उप-निरीक्षक, अशोक सिंह उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने राजस्व निरीक्षक सत्येंद्र सिन्हा के कार्यों का सराहना की। उपस्थित सभी लोगों ने उन्हें बुके और उपहार देकर सम्मानित किया। मौके पर हरियारेन दादेल, एलन लकड़ा, हर्षदीप सीमा, नेशात अहमद, प्रदीप कुमार, रश्मि रानी, मोजाहिद आलम के साथ संतोष कुमार, सुमित, प्रदीप गोप कंप्यूटर ऑपरेटर, अनुसेवक, चालक और अन्य कर्मी उपस्थित थे।



नगड़ी अंचलाधिकारी सेवानिवृत्ति राजस्व निरीक्षक सत्येंद्र सिन्हा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। रांची- मुरी मार्ग पर गोंदलीपोखर के पास मंगलवार की शाम हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। युवकों की पहचान नहीं हो सकी है। मौके पर ग्रामीणों ने उन्हें इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया। बताया गया कि तीनों युवक एक हीं बाईक (जेएच 01 एफवी 2601) पर सवार होकर हेसल से गोंदलीपोखर की ओर आ रहे थे।

## एकदिवसीय कृषि कार्यशाला का आयोजन



कार्यशाला आयोजन के उद्देश्य और उपलब्धि पर गोपाल महतो द्वारा जानकारी दी गयी।

मांडर (आजाद सिपाही)। मांडर प्रखंड के सभागार में एक दिवसीय रबी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि प्रखंड के प्रखंड प्रमुख श्री फिलिप सहाय एक्का किसानों को लैंप्स में अधिक से अधिक धान बेचने का किया अनुरोध। किसान मित्र लैंप्स के अध्यक्ष और सचिव को पंचायत स्तर पर किसानों के निबंध के लिए कैंप लगाने का दिया निर्देश। जिला परिषद सदस्य बिनोदित तिग्गा ने बीना सिंचाई सुविधा के किसानों के प्रगति पर लगाया प्रश्न चिन्ह। बीना सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराये किसान का प्रगति नहीं होगा संभव। जिला परिषद सदस्य इतवारी कुजूर का कहना था कि किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। बीज तो किसान स्वयं भी बाजार से ले सकते हैं, लेकिन सिंचाई व्यवस्था करना किसान के बस की बात नहीं। कार्यक्रम में प्रखंड उप प्रमुख अमानत अंसारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी सनी उरांव, बीटीएम गोपाल महतो, जनसेवक चुन्नू उरांव, बीसीओ मोतीलाल पाल, किसान मित्र राजकुमार सिंह, सुरजीत, साबिर,उपेंद्र, राहुल,राजू के अलावे मंडरो मुखिया सुकरा उरांव के साथ साथ पंचायत समिति सदस्य भी उपस्थित थे।

## प्रकृति की सुंदर वादियों के बीच मनायें नये साल का जश्न



पारस जलाशय।

बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के पहाड़ों और जंगलों से भरी मन लुभाती मनोरम दृश्य से भरा डैम पिकनिक मनाने वालों के लिए तैयार है। जिसमें हरिहर पुर जामटोली पंचायत स्थित पद्मश्री सिमोन उरांव का सिमोन डैम, घाघरा पंचायत का पारस डैम व करांजी पंचायत का करांजी डैम है। जो प्रकृति की खूबसूरत वादियों से घिरा हुआ है। जो प्रत्येक वर्ष नये साल के मौके पर पिकनिक मनाने के लिए लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करता है। इस वर्ष भी प्रखंड के ये तीनों डैम पिकनिक मनाने के लिए तैयार है। अगर आप पिकनिक मनाने के लिए तैयार है तो आप यहां पहुंच सकते है।यहां पर प्रकृति की अनोखी व मनमोहक छटा देखने को मिलती हैं। **मनमोहक वादियां :** लोगों का कहना है कि यहां पिकनिक मनाने व घूमने के लिए पहुंचने के बाद मन सकून महसूस करता है। और यहां से आने का मन नहीं करता है। डैम के चारों तरफ हरे भरे पेड़ पौधे देखने से एक अलग अनुभूति प्राप्त होता है। यहां रांची, गुमला व लोहरदगा जिलों के अलावा भी कई अन्य जिलों के लोग पिकनिक मनाने आते हैं। यहां की सुंदर व मनमोहक वादियों के बीच पिकनिक मनाने की बात ही कुछ और है। पूरे प्रखंड में ये तीनों जगह सबसे अच्छी है। यहां पर आने के लिए लोग निजी वाहनों से आ सकते हैं। इन तीनों जगहों में सालों भर पानी बहते रहता है। **स्वागत के लिए तैयार डैम :** प्रखंड के ये तीनों डैम सैलानियों के स्वागत को लेकर पूरी तरह से तैयार है। यहां पर नए वर्ष के मौके पर एक जनवरी को पिकनिक मनाने के लिए सैंकड़ों की संख्या में लोग आते हैं। डैम की मनोरम वादियां पर्यटकों को खूब आकर्षित करती है। डैम की खूबसूरत वादियों का सैर सपाट करनेवाले सैलानी के आने जाने का क्रम तो वैसे हमेशा बना रहता है। लेकिन ठंड के दिनों में इसका मजा ही कुछ और है। ठंड शुरू होते ही लोगों की भीड़ यहां जुटने लगती है। डैम से निकली नहर जगलों से होते हुए कई छोटे छोटे गांवो तक पहुंचता है। डैम की कलकल करती पानी के ध्वनि सैलानियों को अपनी ओर खींचती है। नये वर्ष में डैम व नहर के किनारे सैलानियों का जमावड़ा लग जाता है। ऐसे तो सालों भर लोग पिकनिक मनाने डैम के किनारे आते रहते है। वहीं शहर के लोग नए वर्ष को यादगार बनाने इन स्थानों पर परिवार की साथ आते है।

### रातू तिगरा टिकरा टोली मैदान में सेवा शिविर का आयोजन

# मारुति मंगल परिवार ने 1551 लोगों के बीच बांटे कंबल

**मारुति मंगल परिवार बेरोजगारों को रोजगार, युवा को शिक्षा और बुर्जुगों के सम्मान के लिए कार्य करती है : विक्रम महतो**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** रातू प्रखंड के तिगरा टिकरा टोली स्थित मैदान में मंगलवार को मारुति मंगल परिवार धार्मिक और सामाजिक संस्था के तत्वावधान में सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रातू व नगड़ी प्रखंड के 1551 सर्व समाज के जरूरतमंदों लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। साथ ही संस्था द्वारा इन्हें खिचड़ी खिलाया गया। मौके पर संस्था के अध्यक्ष विक्रम महतो ने कहा कि संस्था के सदस्य निःस्वार्थ भाव से सेवा करके समाज को सुधारने में लगे हुए हैं। गांव का हर व्यक्ति अपने हक अधिकार के लिए जागरूक बनें, जिससे उसके परिवार का कल्याण हो। उन्होंने कहा कि हमारे परिवार के द्वारा बेरोजगारों को रोजगार, युवा को शिक्षा और बुजुर्गों के सम्मान के लिए कार्य करती है। मुकुंद महतो ने कहा कि हमारी संस्था का यही प्रमुख उद्देश्य है कि समाज से सभी कुरीतियां खत्म हों और सर्व समाज का कल्याण हो। प्रखंड प्रमुख सुनीता तिर्की ने कहा कि संस्था के द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा। समाज के सभी कुरूतियों का मूल कारण अशिक्षा है। अगर लोग शिक्षित होंगे तो समाज में स्वतः सुधार आयेगा। संस्था के संगठन सचिव सुमेश महतो ने कहा कि संस्था के सदस्य विभिन्न गांवों में जाकर लोगों के बीच सामाजिक कुरूतियों, नशापान, जुआ, दहेज प्रथा,बाल विवाह व शिक्षा के महत्व सहित कई विषयों पर ग्रामीणों को जागरूक भी करते हैं। वहीं कार्यक्रम में पंसस अणिमा तिग्गा, सचिदानंद मिश्रा, कामेश्वर बेदिया, अमरनाथ भोक्ता, भोला, बसंत तोपवर, सुरेश महतो, जीतपहान प्रजापति, बाल किशोर, अजय, दीपक, विजय, मुनेंद्र, बंटी सिंह, चिंतामणि धान, त्रिभुवन नाथ पाठक, प्रभु लोहरा, रजनी देवी,गंगा देवी, भीम, चंदन कुमार, राजेश कुजूर आदि मौजूद थे।




**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 620 date 31.12.2024, I. SAHANA PRAVEEN W/O Md Shahabuddin Ansari aged about 23 years, Resident of House No- 115 Lodhi P.O Kurknalo, P.S. Chatrochatti, Dist- Bokaro (Jharkhand) do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows: 1 That, my Nationality is Indian 2 That, in my Aadhaar card vide No. 5952 9026 6287 and PAN Card vide No. FSV PP9572A my name has been mentioned as SAHANA PRAVEEN but in bank account of Bank of India Branch Gomia vide A/C No 481110510002442 my name has been mentioned an AFSANA KHATUN. 3 That, SAHANA PRAVEEN and AFSANA KHATUN both names are one and same person te myself. 4 That I want to correct or rectify my name in my above said bank account as SAHANA PRAVEEN in place of AFSANA KHATUN. 5 That, I am swearing this affidavit to produce it before authority concerned for needful purpose. That, the contents of this affidavit are true and correct to the best of my knowledge, information and belief and if found incorrect or false I shall be liable for the prosecution in the relevant section of law also2. That in my Aadhar card

# अपने धर्म के साथ पर्यावरण धर्म अपनाने से ही खुलेगा जन्नत का दरवाजा : पर्यावरण धर्म गुरु

**पर्यावरणविद ने अजमेर जा रहे यात्रियों को पौधा देकर उनके मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए किया रवाना**

